दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 112 | ग्वालियर शुक्रवार, 03 फरवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

बजा दो बिगुल बन जाएगा हिंदू राष्ट्र, प्रयागराज में बोले बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री

बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लगातार विवादों में बने हुए हैं. अब उन्होंने हिंदू राष्ट्र को लेकर एक और बवाल खड़ा कर दिया है. प्रयागराज में उन्होंने अपने संबोधन में कहा, अगर हम सब साथ हों तो भारत हिंदू राष्ट्र होगा. उन्होंने ये भी कहा कि अब हिंदू राष्ट्र का बिगुल बजा दो. आओ जातिवाद को तोड़कर हम सब हिंदू एक हों.धीरेंद्र शास्त्री ने स्वामी प्रसाद मौर्य का नाम लिए बिना उन पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि देश को कायरों, कपटियों और क्रूर लोगों से बड़ा खतरा है. ऐसे लोग धर्म और देश दोनों का नुकसान करते हैं. वहीं, हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर सफाई देते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, मैं ना तो राजनेता हूं ना राजनीति करता हूं और ना ही मीडिया में जगह पाने के लिए हिंदू राष्ट्र की बात कर रहा हूं...मैं यहां से सिर्फ और सिर्फ एक ही प्रार्थना कर रहा हूं. यह प्रार्थना हिंदू राष्ट्र के लिए है.बता दें कि धीरेंद्र शास्त्री गुरुवार को प्रयागराज पहुंचे. यहां उन्होंने संगम में स्नान किया और उसके बाद माघ मेले में संतों से मुलाकात की. धीरेंद्र शास्ती श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी वायुदेवानंद के शिविर भी जाएंगे. इसके बाद, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्यबाड़ा में स्वामी राघवाचार्य के शिविर जाने की भी चर्चा है.बागेश्वर

धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री पर नागपुर की एक अंध श्रद्धा उन्मूलन समिति ने अंधविश्वास फैलाने का आरोप लगाया था. समिति के संयोजक का कहना है धीरेंद्र शास्त्री चमत्कार करने का दावा करते हैं और लोगों में अंधविश्वास फैलाते हैं. इस पूरे मामले में शास्त्री के खिलाफ स्नढ्ढक्र भी दर्ज हुई, लेकिन पुलिस को धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ कुछ नहीं मिला और उन्हें क्लीन चिट दे दी गई थी.

चैंलेज मिला तो सामने धीरेंद्र शास्त्री के गुरु-इसके बाद धीरेंद्र शास्त्री लगातार अपने बयानों के लिए विवादों में रहे. मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कई कांग्रेस नेताओं ने उनको चैंलेज तक दे डाला. इसके बाद उनके गुरु रामभद्राचार्य ने धीरेंद्र शास्त्री का समर्थन किया. उन्होंने कहा, मेरा शिष्य बहुत योग्य लड़का है. अच्छा काम कर रहा है. चरित्रवान है. उसकी लोकप्रियता को लोग पचा नहीं पा रहे हैं.

कई बार कह चुके हिंदू राष्ट्र बनाने की बात-हिंदू राष्ट्र को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने पहली बार बयान नहीं दिया है. धीरेंद्र शास्त्री कई बार मंचों से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात कर चुके हैं. कुछ दिन पहले ही नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा था, नेताजी ने नारा दिया था तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा. आज मैं एक नारा दे रहा हूं, तुम मेरा साथ दो, मैं तुम्हें हिंदू राष्ट्र दूंगा.

न्यूज ट्रैक

किसी उम्मीदवार को 2 सीट से चुनाव लड़ने से हम नहीं रोक सकते, संसद ठीक समझे तो कानून बनाए- सुप्रीम कोर्ट

ने किसी उम्मीदवार को 2 सीट से चुनाव लड़ने से रोकने की मांग को ठुकरा दिया है. कोर्ट ने कहा है कि कानून बनाना संसद का काम है और अगर उचित लगे तो वो ऐसा कानून बनाए. याचिका में कहा गया था, किसी का 2 जगह से चुनाव लड़ना और फिर एक सीट को छोड़ देना, मतदाताओं से अन्याय है. इससे सरकारी खजाने पर भी बोझ पड़ता है.2017 में वकील अश्विनी उपाध्याय की तरफ से दाखिल इस याचिका पर पहले हुई सुनवाई में केंद्र ने इसका विरोध किया था. केंद्र की तरफ से कहा गया था कि जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 33 (7) में इस बात की इजाड़त है कि कोई व्यक्ति 2 सीट से चुनाव लड़ सकता है. इस कानून में बदलाव करना संसद का अधिकार है. दूसरी तरफ चुनाव आयोग ने याचिका का समर्थन किया था. आयोग की तरफ से कहा गया था कि उसने खुद 5 जुलाई 2004 को इसका अनुरोध करते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था. आयोग ने कहा था कि जब उम्मीदवार दोनों सीटों से जीत जाता है तो उसे एक सीट छोड़नी पड़ती है. ऐसे में छोड़ी गई सीट पर आयोग को दोबारा चुनाव करवाना पड़ता है. यह सरकारी धन की बर्बादी है. सीट खाली करने वाले से ही दोबारा चुनाव का खर्च वसूला जाना चाहिए.आज यह मामला चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पी एस नरसिम्हा की बेंच में लगा. जजों ने याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण से पूछा कि किसी के 2 सीट से चुनाव लड़ने में क्या गलत हैड़ क्या इससे नागरिकों का कोई संवैधानिक अधिकार प्रभावित होता हैड़ शंकरनारायण ने समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14) का हवाला दिया. उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी खजाने पर बेवजह पड़ने वाले बोझ का भी संज्ञान लिया जाना चाहिए लेकिन जज इससे आश्वस्त नहीं हुए.चीफ जस्टिस ने कहा, ÷1996 से पहले किसी उम्मीदवार की तरफ से लड़ी जाने वाली सीटों की संख्या पर कोई पाबंदी नहीं थी. फिर संसद ने कानून में संशोधन कर इसे 2 तक सीमित किया. अब भी संसद चाहे तो सिर्फ 1 सीट से चुनाव लड़ने की अनुमति का कानून बना सकती है.÷ याचिकाकर्ता के वकील ने लॉ कमीशन की 255वीं रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इसमें भी कानून बदलने की सिफारिश की गई थी. लेकिन जजों ने इसे संसद के अधिकार क्षेत्र में आने वाला विषय बता कर कोई भी आदेश पारित करने से मना कर दिया.

यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर क्या है सरकार का स्टैंड? राज्यसभा में कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया

यूनिफॉर्म सिविल कोड के मुद्दे पर संसद में जवाब दिया. उन्होंने राज्यसभा में कहा कि सरकार ने 21वें लॉ कमीशन ऑफ इंडिया से समान नागरिक संहिता से संबंधित विभिन्न मुद्दों की जांच करने और उस पर सिफारिशें करने का अनुरोध किया था. 21वें विधि आयोग का कार्यकाल 31.8.2018 को समाप्त हुआ है. भा में कहा कि लॉ कमीशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यूसीसी से संबंधित मामला 22वें लॉ कमीशन की ओर से विचार के लिए उठाया जा सकता है. इसलिए समान नागरिक संहिता को अमल में लाने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है. कानून मंत्री, ÷क्या सरकार के पास समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित करने की कोई योजना है÷ के संबंध में एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थेइससे पहले बीते साल दिसंबर में कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा को बताया था कि राज्यों को एक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को सुरक्षित करने के अपने प्रयास में उत्तराधिकार, विवाह और तलाक जैसे मुद्दों को तय करने वाले व्यक्तिगत कानून बनाने का अधिकार है. मंत्री ने ये टिप्पणी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के सदस्य जॉन ब्रिटास की ओर से पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में की थी, जिसमें पूछा गया था कि क्या केंद्र यूसीसी के संबंध में अपने स्वयं के कानून बनाने वाले राज्यों से अवगत था. इस पर किरेन रिजिजू ने कहा था कि, ÷हां, सर. संविधान का अनुच्छेद 44 राज्य को ये अधिकार प्रदान करता है.÷ कानून मंत्री ने कहा था, ÷व्यक्तिगत कानून जैसे उत्तराधिकार, वसीयत, विवाह और तलाक, संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची-समवर्ती सूची की प्रविष्टि 5 से संबंधित हैं, और इसलिए राज्यों को भी उन पर कानून बनाने का अधिकार है.÷ इससे पहले जब संसद में इस मुद्दे को उठाया गया था तो कानून मंत्री ने कहा था कि विधि आयोग इस मामले की विस्तार से जांच करेगा.

गृह मंत्री ने मुझे भरोसा दिया कि. अमित शाह से मुलाकात के बाद बोले गुलाम नबी आजाद

जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद ने गुरुवार (2 फरवरी) को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की. डेमोक्रेटिक आज़ाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने केंद्रीय गृह मंत्री के सामने जम्मू-कश्मीर में चल रही एंटी-एंक्रोचमेंट ड्राइव का मुद्दा उठाया.उन्होंने ट्वीट कर बताया कि अमित शाह को आम लोगों के बीच फैली अशांति और अनिश्चितता के बारे में अवगत कराया. लोगों को उन संपत्तियों को खाली करने के लिए मजबूर किया जा रहा है जिन्हें मान्यता प्राप्त है. अमित शाह ने मुझे आश्वासन दिया कि मकान बनाने वाले छोटे भूमि धारकों को छुआ नहीं जाएगा.गुलाम नबी आजाद ने अमित शाह को बताया कि पिछले कुछ दशकों से छोटी-छोटी जमीनों पर घरों का निर्माण करने वाले अधिकांश लोग प्रवासी हैं और ज्यादातर उग्रवाद के शिकार हैं. हाल ही में जम्मू डिवीजन के विभिन्न जिलों में चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान लगभग 23,000 हेक्टेयर राज्य और चराइ भूमि को वापस लिया गया है. बता दें कि, हाल ही में जम्मू-कश्मीर में नया भूमि अनुदान नियम-2022 लागू किया गया. इसके अनुसार, आवासीय पट्टेदारों को छोड़कर सभी मौजूदा

लोकसभा चुनाव पर सी वोटर सर्वे के बीच इस नेता ने की बड़ी भविष्यवाणी, 300 सीटें जीतेगी कांग्रेस

लोकसभा चुनाव 2024 में अब लगभग 400 दिन ही बचे हैं. हाल ही में चुनाव को लेकर एक सर्वे सामने आया है जिसमें कांग्रेस की सीटें बढ़ने का अनुमान लगाया गया था. इस बीच एक कांग्रेस नेता ने बड़ी भविष्यवाणी की है कि 2024 के आम चुनाव में कांग्रेस 300 से ज्यादा सीटें जीतेगी. आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एन तुलसी रेड्डी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये दावा किया. कांग्रेस की बड़ी जीत का दावा करते हुए तुलसी रेड्डी ने कहा कि केवल कांग्रेस की आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा दे सकती है. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पहले से ही विशेष दर्जे के खिलाफ थी और वह राज्य की तीनों पार्टियों पर दबाव बनाए हुए है, जिससे उनके लिए विशेष दर्जा या फिर स्पेशल पैकेज मांगना मुश्किल हो गया था.रेड्डी ने एलान किया कि राज्य के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अकेले मैदान में उतरेगी. उन्होंने सभी क्षेत्रीय पार्टियों पर राज्य में असफल होने का आरोप लगाते हुए चंद्रबाबू नायडू, जगन मोहन रेड्डी और पवन कल्याण पर तंज कसा. रेड्डी ने कहा राज्य में बीजेपी का मतलब- बाबू, जगन और पवन हो गया है.

मायावती, अखिलेश और प्रियंका गांधी के लिए बहुत बुरी खबर लेकर आया सर्वे, लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं.

कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है. जिसने भी यूपी को साध लिया दिल्ली भी उसकी हो जाएगी. यूपी को लेकर सत्ताधारी बीजेपी से लेकर प्रमुख विपक्षी दलों ने बिसात बिछानी शुरू कर दी है. इस बीच एक हालिया सर्वे के नतीजों में अखिलेश यादव, मायावती और प्रियंका गांधी को बड़ा झटका लगा है.इंडिया टुडे और सी वोटर ने देश का मूड जानने का दावा करने वाला सर्वे किया था. इस सर्वे में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के पक्ष में जिस तरह से लोगों का समर्थन नजर आया, वह विपक्ष के लिए चिंता की बात कही जा सकती है. सर्वे में देश के बेस्ट परफॉर्मर सीएम को लेकर सवाल पूछा गया तो यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पहले नंबर पर जनता की पसंद बने. 39.1त्न लोगों ने सीएम योगी आदित्यनाथ को बेस्ट सीएम चुना.सीएम योगी की लोकप्रियता में लगातार वृद्धि यूपी में लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रहे विपक्ष के लिए खतरे की घंटी है

ईडी की चार्जशीट फिक्शन है आबकारी नीति केस में प्रवर्तन निदेशालय के आरोपों पर बोले सीएम अरविंद केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति केस में ईडी की चार्जशीट पर सवाल उठाते हुए कहा कि केस फर्जी है. मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ईडी की चार्जशीट में शराब नीति का पैसा गोवा में इस्तेमाल किए जाने के सवाल पर कहा, ईडी ने 5 हजार केस फाइल किए होंगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ. कितने लोगों को सजा हुई. यह एजेंसी सिर्फ विधायक खरीदने और बेचने के लिए है. ईडी की चार्जशीट फिक्शन (कल्पना) है.कई मीडिया रिपोर्ट में ईडी की चार्जशीट का हवाला देते हुए दावा किया गया था कि दिल्ली की शराब नीति घोटाले का पैसा गोवा में आम आदमी पार्टी (क्क) ने चुनाव के प्रचार के लिए उपयोग किया है. इस पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि

ईडी के सारे केस फर्जी हैं. ईडी भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए नहीं सरकार गिराने के लिए काम करती है.ईडी ने चार्जशीट में दावा किया कि करीब 70 लाख रुपये आप वर्कर्स को दिए गए जो कि गोवा विधानसभा चुनाव में पार्टी की सर्वे टीम का हिस्सा थे. जांच एजेंसी ने कहा कि आप की कम्युनिकेशन टीम के इंचार्ज विजय नायर ने उन्हें बताया कि कई लोग पैसे लेने में शामिल थे. बता दें कि साल 2022 में गोवा में हुए चुनाव में आप पार्टी ने दो सीटें जीती थी. ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर राउ? एवेन्यू कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को समन जारी किया है. कोर्ट अगली सुनवाई 23 फरवरी को करेगा. चार्जशीट में विजय नायर, शरथ रेड्डी, बिनॉय बाबू, अभिषेक बोइनपल्ली और अमित अरोड़ा के नाम तो हैं, लेकिन डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया का नहीं है.

पिछले साल उड़ान के दौरान विमानों में आई कितनी गड़बडियां? सरकार ने संसद में बताया

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने घरेलू विमानों के संचालन के दौरान आई गड़बड़ियों के आंकड़े लोकसभा में एक लिखित जवाब में साझा किए हैं.सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को 215, स्पाइसजेट को 143 और विस्तारा को 97 तकनीकी खामियों का सामना करना पड़ा. वहीं, एयर इंडिया के विमानों के संचालन के दौरान 64 तकनीकी खामियां दर्ज की गईं जबकि गो फर्स्ट और अकासा एयर ने क्रमश- 7 और 6 तकनीकी दिक्कतों का सामना किया.2022 में एयर एशिया (इंडिया) ने 8, अलायंस एयर ने 3, फ्लाई बिग ने 1, टूरूजेट ने 1 और ब्लूडार्ट एविएशन ने 1 तकनीकी खराबी का सामना किया. वहीं, पिछले दो साल (2021 और 2022) की अवधि में विभिन्न एयरलाइंस ने कुल 1,090 तकनीकी गड़बड़ियों पाई.पिछले की साल की गड़बड़ियों की संख्या में 2021 के मुकाबले मामूली उछाल देखा गया.

मेघालय के सीएम कोनराड संगमा के खिलाफ बीजेपी ने पूर्व उग्रवादी नेता को दिया टिकट

बीजेपी मेघालय विधानसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी. पार्टी ने गुरुवार (2 फरवरी) को अपने सभी उम्मीदवारों के नामों का एलान किया. मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा के खिलाफ बीजेपी ने अपने राज्य इकाई के उपाध्यक्ष और पूर्व उग्रवादी नेता बर्नार्ड एन मराक को उतारा है. बर्नार्ड दक्षिण तुरा निर्वाचन क्षेत्र में मुख्यमंत्री संगमा के खिलाफ पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार घोषित किए गए हैं.समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पूर्व उग्रवादी नेता बर्नार्ड एन मराक ने 2014 में हथियार डाल दिए थे और एएनवीसी-बउग्रवादी समूह को भंग कर दिया था. वो गारो आदिवासियों के लिए एक अलग राज्य बनाने के लिए एक सशस्त्र उग्रवादी समूह अचिक नेशनल वालंटियर काउंसिल -एएनवीसी में शामिल रहे थे.साल 2021 में उन पर मेघालय के तुरा में खुद फार्महाउस में वेश्यालय चलाने के आरोप लगा था और इसके चलते उनकी गिरफ्तारी हुई थी. प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष बर्नार्ड एन मराक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने गैर-जमानती वारंट जारी किया था. उन्हें पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया था. बीजेपी मेघालय विधानसभा की सभी 60 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने जा रही है. समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, बीजेपी के पार्टी प्रवक्ता एम एच खरकंगने कहा कि पार्टी ने पिछले महीने कोनराड संगमा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंससे अलग होने और राज्य के विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया था.

क्या महाराष्ट्र में उद्धव की शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस गठबंधन में आ गई है दरार

इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, उद्धव ठाकरे की शिवसेना पिंपरी-चिंचवाड़ में अपना उम्मीदवार चाहती है. खास बात ये है कि इस सीट से एनसीपी साल 2009 से चुनाव लड़ रही है. तो वहीं, कांग्रेस अपने लिए कस्बा पेठ सीट चाहती है. एनसीपी के एक अंदर के सूत्र ने कहा, 'एनसीपी पिंपरी-चिंचवाड़ को किसी भी कीमत पर शिवसेना को नहीं देगी लेकिन, कस्बा पेठ के लिए कांग्रेस का दावा स्वीकार्य है.' इसके अलावा, शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा, 'पिंपरी-चिंचवाड़ सीट से चुनाव लड़ने के लिए शिवसेना के कार्यकर्ता पार्टी पर दबाव बढ़ा रहे हैं.'शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की मांग इस आधार पर है कि इस इलाके में उसका एक संगठनात्मक आधार है और जब उद्धव ठाकरे की शिव सेना राजनीतिक मंदी की मार झेल रही है, ऐसे में वो चुनाव से बाहर नहीं रहना चाहती है. इस सीट के लिए उद्धव की शिव सेना का दावा राहुल कलाटे के प्रदर्शन पर भी आधारित है. राहुल कलाटे ने बीजेपी के दिवंगत नेता लक्ष्मण जगताप को कड़ी टक्कर दी थी. लक्ष्मण जगताप के देहांत के बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है.ने चुनाव लड़ा था तो शिवसेना का विभाजन नहीं हुआ था और जब वह बागी उम्मीदवार बने तो उन्हें एनसीपी औऱ कांग्रेस दोनों का समर्थन मिला था. हालांकि, वो जगताप से चुनाव हार गए थे लेकिन वोट आंकड़ा बढ़ गया था. साल 2014 में राहुल को 65 हजार के आसपास वोट मिले थे जो साल 2019 में बढ़कर 1 लाख 28 हजार के आसपास हो गए थे. इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, राहुल कलाटे ने इस बात की पुष्टि की है कि उन्हें चुनाव लड़ने के लिए शिव सेना नेतृत्व से फोन आया था.वहीं, शरद पवार की एनसीपी पिंपरी-चिंचवाड़ सीट को अपने हाथ से निकलने नहीं देना चाहती. वो चाहती है कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में उसकी पकड़ है, उन सीटों को जीतकर आगे की राह

आसान की जाए.महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनाव अगले साल होने हैं. पुणे जिले में 21 विधानसभा सीटें हैं, जिनमें से साल 2019 में एनसीपी ने 10 और बीजेपी ने 9 सीटें जीती थीं, बाकी 2 सीटें कांग्रेस के खाते में गई थीं. जिला परिषद भी एनसीपी के नियंत्रण में है. ऐसे में एनसीपी अपनी पकड़ वाले क्षेत्र में किसी अन्य पार्टी को नहीं घुसने देना चाहती. पिंपरी-चिंचवाड़ सीट एनसीपी के लिए महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि इसे जीतने से शरद पवार को आगे की लड़ाई में पुणे से मदद मिलेगी.इसको लेकर एक कांग्रेस नेता का कहना है, 'दो सीटें हैं और हम तीन पार्टियां हैं. कांग्रेस और एनसीपी को अपनी पारंपरिक सीट उद्धव वाली शिव सेना के लिए क्यों छोड़नी चाहिए, जो साल 2019 के लोकसभा चुनाव तक बीजेपी के साथ गठबंधन में थी.तो वहीं, एनसीपी के नेता और विधानसभा में विपक्ष के नेता अजित पवार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल के साथ एक बैठक करने की संभावना है. इस बैठक में एमवीए में मचे घमासान पर चर्चा होगी. इसके अलावा, अजित पवार ने कहा भी था कि उनकी उद्धव ठाकरे के साथ बात हुई है. तीनों पार्टियों के नेता एकसाथ बैठकर मामले को अंतिम रूप देंगे. फिलहाल ऐसा हुआ नहीं हैउधर, एकनाथ शिंदे वाली शिव सेना ने बीजेपी के लिए दोनों सीटें छोड़ दी हैं क्योंकि ये दोनों ही सीटें बीजेपी की थीं. कस्बा पेठ से मुक्ता तिलक और पिंपरी-चिंचवाड़ से जगताप विधायक बने थे और इन दोनों ही विधायकों की मौत हो चुकी है. इसके अलावा, वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने संकेत दिया है कि वह विपक्षी दलों को पत्र लिखकर उपचुनाव न लड़ने का अनुरोध करेंगे लेकिन लेकिन चुनावी गणित को ध्यान में रखते हुए एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने बीजेपी की याचिका को खारिज कर दिया है.उन्होंने हाल ही में कहा, %अतीत में बीजेपी ने पंढरपुर (सोलापुर जिला) में इस तरह की सद्भावना नहीं दिखाई थी. साल 2021 में, एनसीपी के मौजूदा विधायक भरत भालके की कोविड-19 जटिलताओं से मृत्यु हो गई लेकिन, बीजेपी ने चुनावों पर जोर दिया और सीट जीत ली, उसके उम्मीदवार समाधान औताडे ने भालके के बेटे भागीरथ को हरा दिया था.

सम्पादकीय

यात्रा के हासिल

राहुल गांधी की कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा का हासिल देखें तो सर्वप्रथम उन्होंने उस धारणा को तोड़ा है, जिसमें उन्हें एक अगंभीर राजनेता के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की जाती रही है। सात सितंबर को देश के दक्षिणी सिरे से शुरू हुई करीब चार हजार किमी यात्रा को मौसम की जटिलताओं और भौगोलिक चुनौतियों के बीच अंजाम देने सहज-सरल कार्य नहीं था। रक्त जमाती सर्दी में उनका लगातार टी-शर्ट में रहना कौतूहल का विषय बना रहा है। जिसकी व्याख्या उन्होंने समाज के उन गरीब लोगों के प्रति संवेदना की बात कही, जिनके पास तन ढकने के लिये कपड़े नहीं होते। निस्संदेह राहुल ने इस यात्रा के जरिये शारीरिक व मानसिक सहनशक्ति दशार्यी है। निस्संदेह, 135 दिन चली यात्रा ने राहुल गांधी की एक जुझारू नेता के रूप में छवि गढ़ी। वे लगातार भाजपा व संघ पर हमलावर रहे और देश की बहुलतावादी संस्कृति के संरक्षण की बात करते रहे। कहीं न कहीं देश में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं में एक संदेश तो गया कि उनके बीच कोई जूझने वाला नेता खड़ा है। वे लगातार इस कथन को खारिज करने का प्रयास करते रहे कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई विकल्प नहीं है। वहीं वे दूसरी ओर आगामी आम चुनाव के लिये कांग्रेस पार्टी संगठन में प्राणवायु का संचार करने का प्रयास करते रहे। देश के राजनीतिक परिदृश्य में यह बहस आम रही है कि राहुल गांधी की इस पदयात्रा से क्या हासिल हुआ? क्या राहुल पदयात्रा में मिले समर्थन को आगामी चुनावों में वोटों में तब्दील कर पायेंगे ? क्या वे राजग सरकार के खिलाफ विपक्ष का महागठबंधन बना पाएंगे? हालांकि यह भी सत्य है कि विभिन्न राज्यों में सरकार चला रहे विपक्षी दलों के क्षत्रपों का अपेक्षित समर्थन उन्हें यात्रा के दौरान नहीं मिल पाया। कुछ ही विपक्षी दल उनकी यात्रा में शामिल हुए हैं। सवाल यह भी कि क्या इस पदयात्रा के बाद आगामी आम चुनाव में कांग्रेस विपक्ष को नेतृत्व देने की स्थिति में आई है? यहां सवाल यह भी है कि जब भाजपा 2024 के आम चुनावों के लिये बिगुल फूंक चुकी है तो राहुल गांधी क्या मोदी-शाह की महारथ का मुकाबला करने की स्थिति में आए हैं? फिर भी कह सकते हैं कि नागरिकों से सीधा संवाद और उनकी सहानुभूति हासिल करने में राहुल गांधी कुछ कामयाब तो हुए हैं। इसकी वजह यह भी है कि आम आदमी के दैनिक जीवन से जुड़े मुद्दों और समस्याओं को राहुल ने पदयात्रा के दौरान शिद्दत से उठाया है। लेकिन कांग्रेस को यह ध्यान रखना होगा कि स्पष्ट, निर्णायक, व्यावहारिक संगठनात्मक रणनीति के अभाव में राहुल के प्रयासों को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकती है। भारत जोड़ो यात्रा इस दिशा में प्रयास का एक शुरूआती बिंदु कहा जा सकता है। वहीं दूसरी ओर कश्मीर में पदयात्रा के समापन पर शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में आयोजित रैली में राहुल ने जिस तरह भावनात्मक संवाद किया, उसने कम से कम कश्मीर के लोगों के दिल को तो जरूर छुआ है। उन्होंने देश की विविधता की संस्कृति के पक्ष में आवाज बुलंद करने का प्रयास भी किया। साथ ही हिंसा के दर्द को महसूस करने की बात भी कही और इसे खत्म करने के लिय व्यावहारिक उपायों पर बल दिया। कट्टरवाद को खारिज करते हुए उन्होंने अहिंसा के पुजारियों की समृद्ध परंपरा का जिक्र करते हुए महात्मा गांधी का स्मरण किया। भले ही भाजपा राहुल गांधी की यात्रा की सफलता को स्वीकार नहीं कर रही है लेकिन राहुल ने भाजपा के सामने कई चुनौतियां जरूर पैदा की । अब ये कांग्रेस के नीति-नियंताओं पर निर्भर करता है कि राहुल की यात्रा से हासिल को वे वास्तविक उपलब्धियों में कैसे बदलते हैं। इस साल नौ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव व अगले साल होने वाले आम चुनाव इसकी परीक्षा की कसौटी होगी। निस्संदेह कांग्रेस को संगठन समेत कई स्तरों पर कड़ी मेहनत करने की जरूरत है।उम्मीद की जानी चाहिए कि इस यात्रा से हासिल अनुभवों से राहुल एक परिपक्व राजनेता के रूप में उभरेंगे।

राष्ट्रपति का निराशाजनक अभिभाषण

देश में इस वक्त आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक हर स्तर पर उथल-पुथल देखी जा रही है। भारत जोड़ो यात्रा खत्म हो चुकी है, लेकिन उसके असर के बारे में अब विमर्श चल रहा है। रामचरित मानस पर विवाद चल ही रहा है। पठान फिल्म के बहिष्कार की सारी कोशिशों के बावजूद फिल्म करोड़ों का व्यवसाय कर चुकी है और अब अनुराग ठाकुर नसीहत दे रहे हैं कि बहिष्कार जैसे काम नहीं करने चाहिए। गांधी-गोडसे एक युद्ध फिल्म भी हाल ही में पर्दे आई, जिसने यह प्रश्न पैदा कर दिया है कि आखिर गांधी और गोडसे को समकक्ष खड़ा करने का क्या औचित्य था, और इस फिल्म का अंततरू मकसद क्या है। सवाल गुजरात दंगों पर बनी बीबीसी की डाक्यूमेंट्री को लेकर भी सरकार ने उठाए और इसे प्रतिबंधित कर दिया था। मगर अब इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। गुलामी के सारे प्रतीकों को खत्म करने की सनक में मुगल गार्डन का नाम अमृत उद्यान हो गया। और इन सबसे परे एक अलग तूफान आर्थिक मोर्चे पर आ चुका है। हिंडनबर्ग रिसर्च फर्म के आरोपों के बाद अडाणी समूह के शेयरों में लगातार गिरावट जारी है। अब गौतम अडाणी दुनिया के शीर्ष 10 अमीर लोगों की सूची से भी बाहर हो गए हैं। खुद पर लगे आरोपों को अडाणी समूह ने गलत बताया था और इसे भारत पर सुनियोजित हमला बताया था।

लेकिन हिंडनबर्ग का कहना है कि तिरंगे की आड़ में अडाणी समूह देश को व्यवस्थित तरीके से लूट रहा है। इस तरह की कई हलचलों के बीच 31 जनवरी से संसद का बजट सत्र शुरू हो गया है। अगले साल होने वाले आम चुनावों से पहले इस बार के बजट को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जानकारों का मानना है कि सरकार बजट में कई ऐसी घोषणाएं कर सकती है, जिस पर बाद में चुनावी लाभ ले सके। भाजपा के पिछले रिकार्ड को देखते हुए यह अनुमान गलत नहीं लगता है। संसदीय परंपरा के मुताबिक सत्र की शुरूआत राष्ट्रपति के अभिभाषण से हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संसद में यह पहला अभिभाषण था। सत्र की शुरूआत से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने इसे नारी सम्मान का अवसर बताते हुए जंगलों में जीवन बसर करने वाले हमारे देश के महान आदिवासियों के सम्मान का समय भी बताया। नारी और आदिवासी सम्मान की यह भावना तो सही है, लेकिन सरकार को पता होना चाहिए कि इसके लिए केवल भारी-भरकम शब्दों का इस्तेमाल काफी नहीं होता, जमीन पर काम भी करने पड़ते हैं। अभी तो इन दोनों वर्गों के साथ हाशिए के सभी समुदायों को अपनी गरिमा और इज्जत के लिए जूझना पड़ता है। बहरहाल, राष्ट्रपति पद पर एक आदिवासी महिला को देखकर अच्छा तो लगता ही है, लेकिन कितना अच्छा होता, अगर श्रीमती मुर्मू के अभिभाषण में इस बदलाव की झलक दिखती। चलन यही है कि राष्ट्रपति का भाषण सरकार की नीतियों और फैसलों के पक्ष में होता है। हर चलन को बदलने वाली मोदी सरकार इसमें कोई बदलाव नहीं कर सकी। राष्ट्रपति मुर्मू ने जो कुछ कहा, उसे सुनकर ऐसा लगा मानो चुनावों में भाजपा और मोदी सरकार का प्रचार चल रहा हो। अपने अभिभाषण में मोदी सरकार को निर्णायक सरकार बताते हुए राष्ट्रपति ने जनता का लगातार दो बार इस सरकार को चुनने के लिए धन्यवाद किया। क्या इस तरह का धन्यवाद देना उचित है, क्योंकि लोकतंत्र में जनता को यह अधिकार होता है कि वह अपने मत से किसी राजनैतिक दल को अगर जिता सकती है, तो हरा भी सकती है। इस तरह का धन्यवाद क्या जनता पर अघोषित दबाव नहीं है कि वह फिर से ऐसा ही कोई फैसला करे। अभिभाषण में राष्ट्रपति ने सर्जिकल स्ट्राइक, आर्टिकल 370 को रद्द करने और तीन तलाक जैसे फैसलों को लेकर सरकार की तारीफ की। जबकि ये सारे काम उनके राष्ट्रपतित्व काल में नहीं हुए हैं, पहले हुए हैं और उनका पर्याप्त चुनावी फायदा भाजपा ले चुकी है। इस सरकार के मौजूदा चार सालों में कई ज्वलंत मुद्दे हैं, जिन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए, लेकिन विपक्ष की कोशिशों के बावजूद सरकार चर्चा के लिए तैयार नहीं होती है। महंगाई, बेरोजगारी के बढ़ते आंकड़ों के अलावा, चीन का अतिक्रमण, संवैधानिक संस्थानों की स्वायत्तता पर उठते सवाल, राज्यों के बीच सीमा विवाद, न्यायपालिका और सरकार के बीच का टकराव, अल्पसंख्यकों, कामगारों, महिलाओं, बच्चों के लिए सुरक्षित माहौल, विकास के नाम पर पर्यावरण के लिए बढ़ रहे खतरे, अभिव्यक्ति की आजादी का हनन ऐसे कई गंभीर मुद्दों पर सार्थक चर्चा की जरूरत है। लेकिन राष्ट्रपति के अभिभाषण में इनमें से किसी का जिक्र नहीं हुआ। अगर हुआ होता, तो फिर संसद में विमर्श का माहौल प्रशस्त होता। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार का स्पष्ट मत है कि भ्रष्टाचार लोकतंत्र का और सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा दुश्मन है। इसलिए बीते वर्षों से भ्रष्टाचार के विरुद्ध निरंतर लड़ाई चल रही है। हमने सुनिश्चित किया है कि व्यवस्था में ईमानदार का सम्मान होगा। राष्ट्रपति को यह भी बताना चाहिए था कि ईमानदार के सम्मान के साथ बेईमान को सजा दिलवाने के लिए उनकी सरकार कितनी प्रतिबद्ध है। जिस निरंतर लड़ाई की बात उन्होंने की है, वो अंजाम पर कब पहुंचेगी। देश के सबसे अमीर औद्योगिक घराने पर गंभीर आरोप लगे हैं और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का दावा करने वाली सरकार ने अब तक उस पर कोई टिप्पणी नहीं की, किसी तरह की जांच के आदेश नहीं दिए। क्या इस तरह से बेईमानी पर अंकुश लगाया जाएगा। बजट सत्र से पहले मोदीजी ने सभी दलों से सहयोग की अपील तो की है, लेकिन ये तय है कि बजट पेश होने के बाद अडाणी समूह और हिंडनबर्ग विवाद, बीबीसी डाक्यूमेंट्री, चीन की घुसपैठ इन सब पर विपक्ष चर्चा की मांग करेगा। तब समझ आ जाएगा कि राष्ट्रपति जिसे निर्णायक सरकार बता रही हैं, वह किस मजबूती से इन चचाओं में हिस्सा लेती है। फिलहाल राष्ट्रपति के अभिभाषण से निराशा ही हुई है। अमृतकाल जैसा कोई अहसास इस भाषण से नहीं हो पाया।

आतंकवादी को सजा-ए-मौत

आदित्य नारायण

लखनऊ की एनआईए, एटीएस कोर्ट ने दस माह पहले गोरखनाथ मंदिर पर हमले के दोषी आतंकी अहमद मुर्तजा अब्बासी को फांसी की सजा सुनाई है। उसने पिछले वर्ष 4 अप्रैल को मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसी जवानों पर बांका से हमला किया था। उसने एक जवान की राइफल भी छीनने की कोशिश की थी। पीएसी के जवानों ने साहस का परिचय देते हुए उसे मौके पर ही दबोच लिया था। अदालत ने उसके समक्ष रखे गए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर ही अपने दायित्व का निर्वाह किया है। भारत की न्यायपालिका ने हर स्थिति और कीमत पर इंसाफ का पलड़ा ही झुकाया है। मुर्तजा ने इस्लामिक इस्टेट (आईएस) की विचारधारा से प्रभावित होकर जेहाद की मंशा से भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ देश की एकता और अखंडता को चुनौती देने का काम किया था। अदालत ने सजा में कहा है कि मुर्तजा को तब तक लटकाए रखा जाए जब तक उसकी मौत न हो जाए। मुर्तजा का हमला लोन वुल्फ अटैक शैली का ही माना गया। लोन वुल्फ अटैक आतंकवाद का एक नया चेहरा बनकर उभरा है। दुर्दांत आतंकवादी गिरोह लोन वुल्फ शैली का सहारा लेकर हमले करवाते हैं। मुर्तजा किसी गरीब परिवार का बेटा नहीं है। मुर्तजा गोरखपुर के एक रसूखदार परिवार का इकलौता बेटा है। मुर्तजा की फैमिली सिविल लाइन्स में रहती है। मुर्तजा ने भी किसी मामूली संस्थान से नहीं, बल्कि आईआईटी मुम्बई से इंजीनियरिंग की है। यहां के स्टूडेंट्स बेहद शॉर्प और होनहार माने जाते हैं। उसके पिता कई बैंकों और मल्टीनेशनल कम्पनियों के लीगल एडवाइजर हैं। चाचा डॉ. के.ए. अब्बासी शहर के एक फेमस डॉक्टर हैं। वह सिविल लाइन पार्क रोड स्थित अब्बासी नर्सिंग होम चलाते हैं। इतना ही नहीं, दादा गोरखपुर के जिला जज भी रह चुके हैं। उसके भाई का नाम शहर के नामी चार्टेड अकाउंटेंट्स में से एक रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आईआईटी से इंजीनियरिंग करने वाला मुर्तजा जेहादी कैसे बन गया। उसके आईएस से सम्पर्क कैसे बने। यह धार्मिक कट्टरपंथ ही है जिसने उसे आतंकवादी बना दिया। वह सीरिया जाने की भी फिराक में था। कट्टरपंथी विचारधारा के चलते ही आज युवाओं के दिमाग में जहर भरा जा रहा है। यह लोग जेहाद कर रहे हैं। दूसरे धर्म के लोगों को काफिर बताते हैं। खुद को इस्लाम का पेरोकार बताते हैं। संगीनों की नोक से यह बेगुनाहों के जिस्म पर इस्लाम जिन्दाबाद लिखते हैं। कट्टरपंथी विचारधारा इसलिए बढ़ी क्योंकि लोगों ने धर्मांध होकर इनके खिलाफ आवाज ही नहीं उठाई। लेकिन अब स्थितियां बदल चुकी हैं। अब समूचा विश्व आतंकवाद का डटकर मुकाबला कर रहा है। कौन नहीं जानता कि कई ऐसे आतंकवादी संगठन हैं जो धर्म के नाम पर बंदूक उठाने के लिए युवाओं को बरगला रहे हैं। अफसोस इस बात का है कि कुछ भारतीय मुस्लिम आतंकवादियों को सजा सुनाए जाने पर इन्हें मजहब के चश्मे से देखते हुए अदालत के फैसलों को साम्प्रदायिक रंग में रंगकर देखने की हिमाकत करते हैं। सोचने वाली बात यह है कि धर्मनिरपेक्ष भारत की न्याय प्रणाली भी जब किसी अपराधी को सजा सुनाती है तो वह किसी हिन्दू-मुसलमान को नहीं बल्कि भारत के नागरिक को ही उसकी करनी का फल देती है। न्यायपालिका को देश की राजनीतिक प्रशासनिक व्यवस्था से कोई मतलब नहीं होता उसे केवल संविधान और कानून से मतलब होता है। इसकी गिरफ्त में जो भी हिन्दू-मुसलमान फंसता है उसे सजा भुगतनी ही पड़ती है। आतंकवाद का मसला ऐसा है जिस पर भारत की संसद में भी पिछले लगभग दो दशक में कई बार गरमागरम चर्चा और बहस-मुहाबिसे हुए हैं। इससे निपटने के लिए सबसे पहले स्व. नरसिम्हा राव की सरकार में 90 के दशक में टाडा कानून आया और बाद में वाजपेयी सरकार के दौरान उनके गृहमंत्री श्री लालकृष्ण अडवानी पोटा कानून लाए। पोटा कानून लाने के लिए श्री अडवानी को बहुत जोर लगाना पड़ा था क्योंकि तब राज्यसभा में भाजपा के पास बहुत कम सांसद थे। अतःध्उन्होंने संसद का विशेष संयुक्त अधिवेशन (लोकसभा व राज्यसभा) बुलाकर इसे पारित कराया था, परन्तु जब 2004 में कांग्रेस के नेतृत्व में डा. मनमोहन सिंह की सरकार आई तो इस कानून को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद यूएपीए कानून बना। यूएपीए के तहत ही मुर्तजा को सजा सुनाई गई है। अपराधी का कोई धर्म नहीं होता। इसी तरह आतंकवादी का भी कोई धर्म नहीं होता। हर लोकतांत्रिक देश का धर्म होता है कि वह आतंकवादियों को किसी सूरत में पनपने न दे। इस लिए आतंकवादियों को कड़ी सजा देना जरूरी है। लेकिन असली सवाल उस जहरीली मानसिकता को खत्म करने का है जिसके प्रभाव में पढ़े-लिखे युवा भी आतंकवादी बनते हैं। भारतीय मुस्लिम इस साजिश को समझें और अपने परिवारों को जहरीली मानसिकता से दूर रखने का हर सम्भव प्रयास करें। आतंकवाद के खिलाफ सभी को एकजुट होना होगा।

मोदी सरकार के अमृत काल की उपलब्धियों के दावे कितने सही

एस आर दारापुरी

आज बजट स्तर में संसद में राष्ट्रपति महोदया के भाषण के माध्यम से मोदी सरकार ने अपनी उपलब्धियों का बखान किया है जिनकी शव परीक्षा जरूरी है। गिनाई गई उपलब्धियों की समीक्षा से एक बात स्पष्ट हो जाती है कि यह अधिकतर अभौतिक एवं भावनात्मक हैं और भविष्य की संभावनाओं की अभिव्यक्ति है। एक भी उपलब्धि ऐसी नहीं है जो दशार्ती हो कि आम आदमी के जीवन स्तर में कोई सुधार हुआ हो। इसके विपरीत अमृत काल में असमानता, कुपोषण, गरीबी, बेरोजगारी में बढ़ोतरी, अराजकता, बहुसंख्यक का आतंक, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न तथा मानवाधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं धार्मिक स्वतंत्रता का हनन, कानूनों का दुरुपयोग एवं बुद्धिजीविओं तथा सरकार से असहमत लोगों की पड़तालना, निजीकरण, आर्थिक व्यवस्था का कापोरेंटीकरण एवं तानाशाही प्रमुखता से परिलक्षित हुई है। वैसे तो भाषण में मोदी सरकार की अभौतिक उपलब्धियों तथा दावों की भरमार है जैसे दुनिया का भारत से प्रेरणा लेना तथा दुनिया का भारत को देखने का नजरिया बदलना आदि।भाषण में देश के प्रत्येक नागरिक के लिए कर्तव्यों की पराकाष्ठा करके दिखने की अपेक्षा की गई है। भाषण में कहीं भी नागरिकों के अधिकारों को संरक्षित करने एवं उनके उपभोग को सुगम बनाने की बात नहीं की गई है। मोदी सरकार का यह कृत्य भाजपाध्आरएसएस की हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा के ही अनुरूप है जिसमें फासीवाद के अनुरूप नागरिकों के केवल कर्तव्य होते है, उनके अधिकार नहीं। भाषण में ऐसा भारत बनाने की बात कही गई है जिसमें गरीबी न हो। इससे स्पष्ट है कि सरकार खुद मान रही है कि देश में गरीबी है। परंतु सवाल पैदा होता है कि मोदी ने अपने शासन के 9 साल में गरीबी कम करने के लिए क्या किया है। प्रधान मंत्री गरीब खाद्यान्न योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोग 5 किलो मुफ्त राशन की लाइन में खड़े दशार्ते हैं कि देश में

गरीबी का क्या स्तर है। भाषण में कहा गया है कि हमें भ्रष्टाचार से मुक्ति मिल रही है। परंतु जमीनी सच्चाई यह दशार्ती है कि मोदी सरकार का यह दावा बिल्कुल खोखला है। क्या राफेल की खरीददारी में हुआ भ्रष्टाचार किसी से छुपा है? चुनावी बांड के माध्यम से पूँजीपतियोंध्कारपोरेट घरानों से अपनी पार्टी के लिए चंदे की वसूली मोदी सरकार की ही देन नहीं है? क्या भाजपा ने चुनाव एवं विधायकों की खरीददारी में अरबों रुपए लगाने का कीर्तिमान नहीं बनाया है?भाषण में कहा गया है कि मोदी सरकार ने हर उस समाज की इच्छाओं को पूरा किया है, जो सदियों से वंचित रहा है। गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी, इनकी इच्छाओं को पूरा कर उन्हें सपने देखने का साहस दिया है। मोदी सरकार के इन दावों को यदि धरातल पर परखा जाए तो यह दावे भी खोखले सिद्ध हो जाते हैं। गरीबों की हालत का आकलन ऊपर किया जा चुका है। दलित, पिछड़े और आदिवासियों के कल्याण की स्थिति यह है कि हाल में ही मोदी सरकार ने इन वर्गों को मिलने वाली प्री-मैट्रिक छात्रवृतियां खत्म कर दी हैं। इसी प्रकार रिसर्च फैलोशिप की राशि एवं पद कम कर दिए गए हैं। तकनीकी शिक्षा तथा मेडिकल कालिजों की फीस कई गुणा बढ़ा दी गई है। शिक्षा का तेजी से निजीकरण हो रहा है जिससे इन वर्गों का शिक्षा से वंचित हो जाना तय है। इसी प्रकार चिकित्सा सेवाओं का निजीकरण भी इन वर्गों के लिए सबसे अधिक हानिकारक है। यहई वर्ग बेरोजगारी कि सबसे अधिक मार झेल रहे हैं।आदिवासियों के कल्याण के दावे की सच्चाई यह है कि आदिवासियों की जमीन छीन कर कापोरेंट्स को दी जा रही है और उन्हें बेदखल किया जा रहा है। इस का विरोध करने पर उन्हें नक्सली तथा माओवादी कह कर मारा जा रहा है तथा जेलों में सड़ाया जा रहा है। उनके पक्ष में खड़े होने वाले लेखों, पत्रकारों, बुद्धिजीविओं तथा मानवाधिकार कार्यकताओं को अर्बन नक्सल कह कर जेलों में डाला जा रहा है। आदिवासियों को स्थाई तौर पर आवास तथा कृषि भूमि देने के लिए यूपीए सरकार द्वारा 2006 में बनाए गए वनाधिकार कानून को लागू करने में मोदी सरकार कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है जबकि आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट तथा कुछ अन्य संगठनों द्वारा इस हेतु सुप्रीम कोर्ट से 2019 में आदेश भी पारित कराया जा चुका है। उपरोक्त संक्षिप्त समीक्षा से स्पष्ट है कि बजट स्तर के राष्ट्रपति महोदया के भाषण के माध्यम से मोदी सरकार द्वारा अपनी उपलब्धियों के गिनाए गए दावे झूठे हैं तथा जमीनी सच्चाई से परे हैं। इस की अगली तस्वीर आने वाले बजट से और भी स्पष्ट हो जाएगी।

मेषः- सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य एवं नये कायरें में व्यस्तता बढ़ेगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरते।

बृषभः- सामाजिक संबंधों में व्यस्तता बढ़ेगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

मिथुनः- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओ को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। घर में खुशहाली रहेगी।

कर्कः- महत्वपूर्ण कायरें की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओ पर भरोसा रख महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अवसर प्रदान करेगी।

सिंहः- अपने पद एवं मयार्दा ख्याल रखते हुए उच्छृंखल मन को नियंत्रित करें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

कन्याः- कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

तुलाः- निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनो के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

वृश्चिकः- नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य मिलेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में मन उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति खुश रखेगी।

धनुः- वाक्यपटुता एवं व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

मकरः- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतरू इसमें सुधार लायें। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

कुंभः- नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। घर-परिवार में वातावरण उत्साहित होगा।

मीनः- नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयास करें।

स्वदेशी जागरण मंच की बैठक व प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ

ऑक्स फोर्ड किड्ज़ कार्नर स्कूल मेहगाव स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख डॉ प्रतिभा चतुर्वेदी जी के द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के बारे में विषय रखा तथा भारत को पूर्ण रोज़गारयुक्त बनाना है तो हमें अपने स्थानीय कुटीर उधयोगो को पुनर्जीवित करने होगे, मार्गदर्शन दिया इसमें क्रस्ड्ड एवम स्रस्ड्ड के छात्र छात्राऔ को सरकारी योजनाओं के बारे में बताया ।.कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्वसहायता समूह की बहिनो में छोटे- छोटे उत्पाद बनाने व आस पास बने हुए सामान को

ख़रीदने की शपथ ली। हम सभी अपने समस्त देशवासियों के द्वारा निर्मित की हुई वस्तुओं का ही उपयोग करेंगे एवम अपने यहां पर स्वदेशी समान का निर्माण करेंगे एवम अन्य विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार भी करेंगे यह संकल्प लिया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक श्री बृजेंद्र शर्मा परामर्शदाता आशीष शर्मा अनिल शर्मा मेहगांव क्रीड़ा भारती से डॉ.हर्षद मिश्र जी कुलदीप कटारे नीतू शर्मा ज्योति जयंत भूपेंद्र गौड़ रेनू नरवरिया उदय प्रताप सिंह तोमर गोपाल पोरवाल सपना तोमर मुकेश श्रीवास्तव सुनीता जयंत नीलू नरवरिया कीर्ति ममता अन्नू प्रियंका संतोषी अंजलि ममता जी उपस्थित रहे।

कला हब्बा सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू ञ्श्री रामा माधवा कला ट्रस्ट द्वारा रविंद्र कला क्षेत्र में आयोजित सांस्कृतिक कला हब्बा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मारूति मेडिकल के प्रमुख महेंद्र मुणोत को शॉल व माला पहनाकर सम्मानित करते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे ।महेन्द्र मुणोत ने सभी ट्रस्ट के पदाधिकारीयों को धन्यवाद ज्ञापित किया

मंत्री कप में दूसरे दिन हुए शानदार पांच मुकाबले

हुरेरी को असप्तखेड़ी ने दी 10 विकेट से मात

मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय- अमर सहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की स्मृति में मुंगावली में चल रहे मंत्री कप के दूसरे दिन का पहला मैच साजनमऊ और गणेशपुरा गदूली के मध्य खेला गया जिसमें गदूली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 99 रन बनाए । जिसका पीछा करते हुए साजनमऊ ने 98 रन ही बना पाई और गदूली ने 1 रन से मैच जीत लिया । दिन का दूसरा मैच अस्पतखेड़ी और हुरेरी के मध्य हुआ जिसमे हुरेरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 76 रन का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए मात्र 4 ओवर में ही अस्पतखेडी ने लक्ष्य को हासिल कर लिया और अस्पतखेड़ी ने 10 विकेट से मैच जीत लिया। दिन का तीसरा मैच वार्ड 12 मुंगावली और गोरा 11 के मध्य हुआ

जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए 115 रन का लक्ष्य दिया जिसको गोरा 11 ने आखिरी ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया और 7 विकेट से जीत हासिल कर ली दिन का चौथा मैच पिपरेसरा और अचलगढ़ के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए पिपरेसरा ने 77 रन का लक्ष्य दिया

महाप्रबन्धक ने किया स्वर्ण पदक विजेता अनुज यादव को सम्मानित

एटा। ठण्डी सड़क पर स्थित आर्यावर्त बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आर्यावर्त बैंक के पूर्व वरिष्ठ प्रबन्धक अनुज यादव निवासी स्टेडियम के सामने जी0टी0 रोड एटा को यू0पी0 मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में चार बार स्वर्ण पदक जीतने पर आर्यावर्त बैंक के सहायक महाप्रबन्धक कलीम अल्लाह खान द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि

अनुज यादव ने 28वीं, 29वीं व 30वीं यू0पी0 मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कुल 9 स्वर्ण मेडल (पृथक) हासिल किये इस बार 31वीं चैंपियनशिप में अनुज यादव ने बाघा दौड़ में रजत व लम्बी त्रिपद कूद में कास्य पदक जीत कर एटा जिले का नाम रोशन कर दिया है। सम्मान समारोह के अवसर पर एस0सी0 यादव मुख्य प्रबन्धक, संजीव गोयल मुख्य प्रबन्धक सुरेन्द्र सिंह यादव, प्रबन्धक आर0पी0 सक्सैना प्रबन्धक संजय अग्रवाल वरिष्ठ प्रबन्धक जे0के0 द्विवेदी वरिष्ठ प्रबन्धक सुरेन्द्र सिंह यादव, मुख्य फाइनेन्स प्रबन्धक किशन यादव वरिष्ठ प्रबन्धक सौरभ गर्ग, रामदास, अनुराग वर्मा, सत्यपाल यादव, किरन आदि उपस्थित रहे। सभी उपस्थित लोगों ने अनुज यादव की दीर्घायु तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये आगे भी इसी तरह खेलते रहने के लिये प्रेरित किया।

एटा महोत्सव में ऐतिहासिक रही अतुल शिवांगी पंडित नाइट

एसएसआर ग्रुप एवं लायंस क्लब के द्वारा किया गया शानदार आयोजन

व्यूरो सोनू कुमार माथुर

एटा। जनपद में चल रही राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी के तहत एटा महोत्सव में एसएसआर ग्रुप एवं लायंस क्लब द्वारा बुधवार की देर रात आयोजित हुई बॉलीवुड मैशअप नाइट में अतुल शिवांगी पंडित ने जमकर धमाल मचाया। कार्यक्रम के दौरान बीच बीच में लकी ड्रा के माध्यम से कार्यक्रम देख रहे लोगों को पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पर्णिका श्रीवास्तव के बेहतरीन कत्थक नृत्य से हुई। उसके बाद फ्री सोल्स ओरिजनल के कलाकारों ने ऐसा समां बांधा । जैसे ही अतुल शिवांगी पंडित ने एटा महोत्सव के मंच पर कदम रखा पूरा पंडाल तालियों से गुंजायमान हो गया। अतुल शिवांगी पंडित ने अपने बेहतरीन मैशअप से दर्शकों को डांस करने पर मजबूर कर दिया। अतुल शिवांगी पंडित के नाइनटीज के गानों ने बेहतरीन समां बांधा। जिसके चलते देर रात तक दर्शक अपनी अपनी सीट पर चिपके रहे। अतुल पंडित द्वारा गाए गए बॉर्डर फिल्म के देश भक्ति गीत संदेशे आते हैं.. के साथ ही अन्य मैशअप सोंग्स का दर्शकों ने जमकर आनंद लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत , प्रेमलता डेविड, क्षेत्राधिकार नगर राजकुमार सिंह एवं लायंस क्लब जॉन चेयर पर्सन अनुज प्रताप सिंह चौहान , एस एस ग्रुप से विष्णु शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। वहीं शिवांगी पंडित द्वारा गाए गए लैला मैं लैला.. व अन्य दिल को छू लेने वाले गानों पर पंडाल मौजूद जनता झूमती नजर आई। कार्यक्रम के प्रारंभ से लेकर समापन तक बीच बीच में लकी ड्रा भी निकाला गया। इस लकी ड्रा में भगीपुर निवासी विशाल राजपूत पुत्र सुरेश चंद्र वर्मा को एलजी की एंड्रॉयड स्मार्ट एलईडी टीवी का पुरस्कार मिला, वहीं पत्रकार वारिश को हेड फोन, पत्रकार आशू को गिफ्ट हैंपर मिला , और दर्जनों लोगों को म्यूजिक सिस्टम , स्मार्ट वॉच , इलेक्ट्रिक केटल आदि उपहार मिले । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक क्राइम विनोद कुमार पांडे, एटा अर्बन कॉपरेटिव बैंक के चेयरमैन गजेन्द्र सिंह चौहान व अन्य गणमान्य लोगों का संयोजक अनुज प्रताप सिंह चौहान , विष्णु शर्मा द्वारा सम्मान किया गया। वहीं कार्यक्रम के बाद अतुल शिवांगी पंडित को भी एस एस आर ग्रुप की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आशीष सारस्वत, रवि वर्मा, बॉबी गुप्ता (साड़ी संसार), आदर्श मिश्रा ÷डैनी÷, विकास अग्रवाल (स्वामी दादा), डा. अमन चौहान, श्रीमती गुंजन मिश्रा, सहित लायंस क्लब, एस एस ग्रुप के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

केंद्रीय बजट में आमजनता के लिए कुछ नहीं :शांति कुशवाह

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । केंद्रीय बजट को लेकर श्रीमती शांति कुशवाह ने कहां यह भाजपा सरकार का चुनाव भी जुमला है जोकि इस बजट में महिलाओं को कोई राहत मिलने वाली नहीं है पहले भी सब्सिडी कुछ महीने पूर्व भी सब्सिडी महिलाओं को दी गई थी उसके बाद उसको भी बंद कर दिया भाजपा सरकार सिर्फ चुनाव के टाइम लोगों को प्रभावित करने का कार्य करती है किसान कि 2 गुना आय बढ़ाने की बात हुई थी जो कि अभी तक पूरी नहीं की गई जैसे ही चुनाव का समय आता है वैसे ही घोषणा करते हैं वोटरों को लुभाने के लिए भारतीय जनता पार्टी सिर्फ झूठे वादे झूठे आश्वासन देने की बात करती है एवं शांति कुशवाह ने कहा यह छलावा की राजनीति अब नहीं चलने वाली क्योंकि जनता सब सच्चाई को समझ चुकी है आने वाले समय में आपको झूठ के से नकाब उठाने वाली है 2023 में मध्यप्रदेश में माननीय कमलनाथ की सरकार वापसी कर रही है मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार के द्वारा हमारे युवाओं का भविष्य खतरे में है भाजपा सरकार ने युवाओं के लिए कोई विशेष कदम नहीं उठाए हमारा युवा इतनी एजुकेशन के बाद भी नौकरी के लिए दर-दर ठोकर खा रहा है।

हर बूथ से कांग्रेस को उखाड़ फेंकने के लिए कार्यकर्ता कमर कसें: देवेंद्र सिंह नरवरिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

मिण्ड । भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा की मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में अबकी बार लहार क्षेत्र से प्रत्येक पोलिंग बूथ पर सत्ता और संगठन की ताकत को मजबूत करते हुए भाजपा का विधायक बनाकर लहार को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करें सरकार और संगठन लहार क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा रहेगा कोई किसी से डरने की आवश्यकता नहीं हम सब आपके साथ हैं । सभी मंडलों में ग्रामों शहरी केंद्रों के प्रत्येक पोलिंग बूथ पर माइक्रो प्रबंधन के साथ कार्य करें। यह बात उन्होंने लहार विधानसभा क्षेत्र केअसवार मंडल , दबोह मंडल में बैठक बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।भाजपा जिलाध्यक्ष नरवरिया ने कहा कि प्रदेश पार्टी के नेतृत्व ने हमें 200 दिन में 200 बार का लक्ष्य क्या है भिंड जिले से भी पांचों विधानसभाओं में भारतीय जनता पार्टी की थी इसके लिए हम सब कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए कार्य करें सफलता प्राप्त होगी। पार्टी जिलाध्यक्ष नरवरिया ने कार्यकर्ताओं को हिम्मत बनाते हुए कहा की लहर में प्रत्येक पोलिंग बूथ से कांग्रेस के कदमों पर कार्यकर्ताओं को नजर रखना है और फर्जी मतदान हमें रोकना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हमें

जो निर्देशित किया है सभी कार्यकर्ता एक भाव से एक हिम्मत से एक लक्ष्य से तीन स्तरीय रणनीति पर काम करेंगे जिसमें विरासत, बूथ मेंटेनेंस, और गरीब कल्याणकारी योजना भारतीय विरासत पार्टी ने भारतीय विरासत की विचारधारा को गौरव पूर्ण तरीके से प्रचार करने का लक्ष्य रखा है ताकि लोग गुलामी की मानसिकता से हटे और इसके नए भारत के निर्माण में जुड़ सकें। उन्होंने कहां की भाजपा एक राष्ट्रवादी विचारधारा वाली पार्टी है दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल विचारधारा को लेकर काम कर रहा है जो समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य है। पार्टी जिलाध्यक्ष नरवरिया ने कहा कि 5 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विकास यात्रा के माध्यम से भिंड पहुंच रहे हैं जिसमें हम सभी कार्यकर्ता प्रभावी संख्या में शासकीय एमजेएस महाविद्यालय प्रांगण के स्टेडियम पर पहुंचकर उनका अभिवादन स्वागत और उनकी प्रभावी जनसभा को सफल बनाते हुए लहर से कांग्रेस को काटने का संकल्प लेकर वापस लौटे।

उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 10 अक्टूबर दिवस के रूप में, 11 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती, तथा सभी संगठनात्मक कार्यक्रमों को पोलिंग बूथ पर संपन्न कराने में कार्यकर्ता अपनी अहम भूमिका के साथ मैदान में उतरे और लहार में भाजपा का इतिहास करने के लिए एकजुट और एक मुख्य साथ हम अपने अपने बूथ पर संगठन को मजबूती देते हुए सरकार की योजनाओं को अंतिम छोड़ते के व्यक्ति तक पहुंचा करुणा लाभ दिलाने का काम करें। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री जिला पंचायत उपाध्यक्ष नंदराम सिंह बघेल, पूर्व जिला महामंत्री राम प्रकाश तिवारी, पूर्व जिला प्रवक्ता हृदेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर, किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उपेंद्र सिंह भदौरिया, रज्जन , मंडल अध्यक्ष अनु त्यागी असवार, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र उपाध्याय दमोह, मंचासीन थे।

मानवाधिकार सुरक्षा संघ द्वारा उड़ीसा के जगन्नाथपुरी समृद्धि सभागार में राष्ट्रीय कायर्क्रम हुआ'

मुना ड़ान ब्यूरो

खरगोन उड़ीसा के प्रदेशाध्यक्ष प्रियप्रशाद मिश्रा के नेतृत्व में मानवाधिकार सुरक्षा संघ का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय चेयरमैन हरित हरीश चंद्र और विशेष अतिथि मध्यभारत अध्यक्ष श्रीमान सतीश गांगलेजी थे।गांगलेजी द्वारा मानवाधिकार सुरक्षा संघ के राजस्थान अध्यक्ष विक्रम सोंलकी ओड़िशा अध्यक्ष जयपुर अध्यक्ष हीरालाल,जिला महासचिव जयपुर अनिल कुमार व जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार तथा अनेक प्रशासनिक अधिकारियों व समाजिक व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।मध्यप्रदेश से खरगोन जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले,प्रवीण यादव,जितेंद्र भालसे पत्रकार मुन्ना खानवऔर उनकी टीम ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया।

सहायक पुलिस उपायुक्त शांतमलप्पा का किया बहुमान

पुष्पाजंली टुडे

मैसूरु. जैन समाज एवं रॉयल ग्रुप मैसूरु के पदाधिकारीयों ने लश्कर मोहल्ला के नेहरू सर्कल स्थित देवराजा पुलिस थाना डिवीजन के नव नियुक्त सहायक पुलिस उपायुक्त (कानून एवं व्यवस्था) शांतमलप्पा से मुलाकात कर माला पहनाकर शाल द्वारा सम्मान किया गया द्य हंसराज पगारिया ने शरह में स्थापित नौ जैन मंदिरो,भगवान महावीर नेत्र चिकित्सालय,मैसूरु पिंजरापोल सोसायटी,उपासरो, महावीर जैन विद्यालय तथा समाजहित किए जा रहे कार्यो की विस्तार से जानकारी देते हुए पुलिस विभाग से सहयोग की अपेक्षा की द्य एसीपी ने जैन समाज की सराहना कर पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया द्य इस अवसर पर रॉयल ग्रुप के चेयरमैन हंसराज पगारिया,सदस्य संतोष भंडारी,नरेंद्र मलाणी आदि उपस्थित रहे

कैलारस-अनीता ने गोल्ड मैडल जीतकर गांव का नाम किया रोशन

कैलारस - एक छोटे से गांव धूरकूड़ा के किसान की बेटी ने अपने साहस और मेहनत से न सिर्फ अपने माता पिता का नाम अपने गांव, तहसील एव जिले का भी नाम रोशन किया है आठवीं राज्यस्तरीय जेयू टीआई ए एसयू चैंपियनशिप में अनीता ने गोल्ड मेडल जीत कर एक छोटे से गांव धूरकूड़ा की बेटी भी परचम लहरा सकती है इस गोल्ड मेडल को जीतने के बाद उसका नेशनल खेल के लिए चयन किया गया पहाड़गंज पंचायत के ग्राम धूरकूड़ा में किसान हुकम सिंह धाकड़ की बेटी अनीता धाकड़ विगत रोज देवास में राज्य स्तरीय चैंपियनशिप खेल में 26 जनवरी से 29 जनवरी 2023 तक आयोजित हुए जिसमे मुरैना चंबल संभाग से भाग लिया और खेल में

प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता पूर्व में भी अनीता नेशनल लेवल पर कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी हैनोएडा दिल्ली जाएगी अनीता इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद नेशनल लेवल पर अब नोएडा में 27 मार्च से 29 मार्च तक आयोजित होने वाली खेलों में भाग लेगी उन्हें खेल द्वारा स्कॉलरशिप भी मिलेगी

अनीता ने अपनी मां को जीत का श्रेय दिया- खेल प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन हेतु अनीता अपनी मां लक्ष्मी धाकड़ की सराहना करते हुए कहा उन्हीं को श्रेय देती है अनीता ने बताया कि अपनी मां और पिता की हौसला अफजाई से वह यह सब कुछ कर सकी बही उन्होंने बताया कि में छोटे से गांव धूरकूड़ा से गरीब किसान परिवार से हू मेने पूर्व में भी कबड्डी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर गांव, तहसील ओर जिले का नाम रोशन किया हैं एव लड़की को किसी न किसी खेल में भाग लेकर अपने माता पिता एव गांव का नाम रोशन करना चाहिए

विश्वकर्मा जन संगठन मध्य प्रदेश द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा प्रकटोत्सव पर भव्य चल समारोह एवं समाज के प्रबुद्धजनों का सम्मान

पुष्पांजलि टुडे उप संपादक महेंद्र शर्मा

शुक्रवार 3 फरवरी 2023, समय सुबह 9 बजे से पूजन स्थल श्री भगवान विश्वकर्मा मंदिर गुढ़ा गुढी का नाका, लश्कर, ग्वालियर कार्यक्रम स्थल टाउन हॉल, महाराज बाड़ा, लश्कर, ग्वालियर मुख्य अतिथि श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर जी उर्जा मंत्री म.प्र. शासन मा.अध्यक्षता मा. श्री मुन्नालाल गोयल जी केबीनेट मंत्री दर्जा म.प्र. शासन विशिष्ट अतिथि मा. श्रीमती इमरती देवी जी मा. श्री लोकेन्द्र पाराशर जी मा. श्री अभय चौधरी जी मा. श्री विनोद शर्मा जी

केबीनेट मंत्री दर्जा म.प्र. शासन प्रदेश मिडिया प्रभारी भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष भाजपा ग्वालियर जिला महामंत्री भा.ज.पा. ग्वालियर मा. श्रीमती समीक्षा गुप्ता जी मा. श्री संतोख सिंह जी मा. श्री कमलजीत सिंह जी मा. श्री मुरारीलाल ओझा जी पूर्व महापौर ग्वालियर उद्योगपति ग्वालियर वरिष्ठ समाजसेवी, बाबा बैट्री फूलबाग वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन विश्वकर्मा संरक्षक -निवेदकमनोज विश्वकर्मा प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर बेताल विश्वकर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष वीर सिंह विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष ग्वालियर महानगर

प्रदेश की मूल गौवंशी नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों को किया जाएगा पुरूस्कृत

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पात्र आवेदक 10 फरवरी तक जमा करें

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । प्रदेश की मूल गौवंशी नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों हेतु पुरूस्कार योजना प्रारंभ की गई है। प्रतियोगिता 14 फरवरी एवं 15 फरवरी 2023 को आयोजित की जावेगी। भारतीय नस्ल की दुधारू गाय जिसका दुग्ध उत्पादन प्रतिदिन 6 लीटर अथवा उससे अधिक है आवेदन हेतु पात्र होंगे।उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि योजना जिला एवं राज्य स्तर पर संचालित की जावेगी। जिला स्तर पर प्रथम 51 हजार, द्वितीय 21 हजार एवं तृतीय 11 हजार है। इसीप्रकार राज्य स्तर पर प्रथम 2 लाख, द्वितीय 1 लाख एवं तृतीय 50 हजार पुरूस्कार निर्धारित किया गया है। जिले में जिला स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आवेदन 10 फरवरी 2023 तक अपने निकटतम पशु चिकित्सा संस्था अथवा खण्ड स्तर पर अथवा जिला स्तर पर जमा कर सकते हैं। पशुपालक योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी भी निकटतम पशु चिकित्सा संस्था अथवा जिला कार्यालय में नोडल अधिकारी डॉ स्वदेश थापक व्हीईओ मो.9753214149 से संपर्क कर सकते हैं। जिला स्तर पर प्रतियोगिता 14 एवं 15 फरवरी 2023 को आयोजित की जावेगी। जिला स्तर पर दुधारू गायों के परिवहन चारा, पानी, पशुपालकों की व्यवस्था विभाग द्वारा की जावेगी। जिले के ऐसे पशुपालक जो उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पात्र हैं अधिक से अधिक संख्या में योजना में सम्मिलित होंगे।

शिवपुरी कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ कैंटीन का शुभारंभ

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शिवपुरी जिले में कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में कैंटीन का शुभारंभ हुआ है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री और शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने फीता काटकर कैंटीन का शुभारंभ किया। यह कैंटीन जिला पर्यटन सहकारी संस्था द्वारा कलेक्ट्रेट कर्मचारी वेलफेयर संगठन के सहयोग से संचालित की जाएगी। जिसमें किफायती दामों पर कलेक्ट्रेट परिसर के कर्मचारियों और कलेक्ट्रेट आने जाने वाले लोगों को चाय नाश्ता मिलेगा।शिवपुरी जिले के पूर्व कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने इस दिशा में प्रयास शुरू किया था और आज कलेक्ट्रेट परिसर में कैंटीन की शुरुआत हुई है। इस अवसर पर जिले के नवागत कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी और पूर्व कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह दोनों मौजूद रहे। कैंटीन के शुभारंभ अवसर पर प्रभारी मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधियों

द्वारा शिवपुरी जिले का पर्यटन कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। पर्यटन क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में मध्य प्रदेश राज्य सहकारी पर्यटन संघ के अध्यक्ष अरविंद सिंह तोमर ने सभी को जानकारी दी।इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, जिला अध्यक्ष राजू बाथम, पूर्व विधायक महेंद्र यादव, जिला महामंत्री पृथ्वीराज सिंह, अपर कलेक्टर विवेक रघुवंशी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव मरावी, जिला पर्यटन सहकारी संस्था के प्रबंधक महेंद्र सिंह राजावत, पर्यटन अधिकारी देव सोनी, सहायक नोडल अधिकारी सौरभ गोड़, जिला पर्यटन संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी वीरेंद्र सिंह धाकड, एसडीएम गणेश जयसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने की विकास यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

सभी अधिकारी पूरी लगन से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें: प्रभारी मंत्री

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया गुरुवार को शिवपुरी भ्रमण पर आए और शिवपुरी में विकास यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। प्रभारी मंत्री ने समीक्षा के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि विकास यात्रा के दौरान जगह-जगह वॉल पेंटिंग में शासकीय योजनाओं का प्रचार किया जाए। सभी विभागों द्वारा संबंधित योजनाओं के पोस्टर बैनर लगाए जाएं। विकास यात्रा के दौरान कलश यात्रा, सुंदरकांड और ग्रामीण स्तर पर खेलकूद की गतिविधियों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि यह यात्रा एक जन यात्रा बनना चाहिए जिसमें विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राही भी शामिल हों। इसके अलावा जन सेवा के तहत जो लाभ वितरण

किए गए हैं उन हितग्राहियों को भी लाभ वितरित किए जाएं।इसके अलावा बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से भी चर्चा करते हुए विद्युत विभाग को निर्देश दिए हैं जिन गांव में ट्रांसफार्मर खराब हैं, विकास यात्रा के दौरान सभी जगह ट्रांसफॉर्मर सही होना चाहिए। जल जीवन मिशन के तहत जो लाइन डाली जा रही है उसके दौरान जहां जहां खुदाई की गई है उसकी मरम्मत भी साथ ही की जाए अन्यथा कार्यवाही होगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विधायक वीरेंद्र रघुवंशी, जिलाध्यक्ष राजू बाथम, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, कोलारस जनपद अध्यक्ष भरत सिंह यादव, पूर्व विधायक महेंद्र यादव, हरवीर रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, नवागत कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

ऑपरेशन जन जागरण के तहत सीआरओ की घटनाओं की रोकथाम हेतु अभियान चलाए जाने के संबंध में

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-सीआरओ की घटनाओं की रोकथाम हेतु आज दिनांक 02.02.2023 को श्री उज्जवल कुमार व अमित पांडे मय स्टाफ एवं आरपीएफ स्टाफ स.उ.नि. प्रकाश सिंह सोलंकी हमराह प्रधान आरक्षक धीरज कुमार व आरक्षक आशीष सिंह बदरवास एवं कोलारस स्टेशन के मध्य किलोमीटर नंबर 1151/0 से किलोमीटर 1169/0 तक मोटर ट्राली के द्वारा रेल लाइन के आसपास स्थित गांव में जाकर ग्राम वासियों को जागरूक करते हुए समझाइश दिया कि वे पालतू जानवरों को रेलवे लाइन के पास न जाने दें और न ही रेल लाइन पर पत्थर, लकड़ी इत्यादि ना रखें एवं ट्रेनों पर पत्थर न फेंके, जिससे गंभीर दुर्घटना हो सकती है। अगर कोई जानवर रेलवे एरिया में पाया जाता है तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कलापथक दल ने बताए नशे के दुष्प्रभाव

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक एम.के.जैन के निर्देशन में कलापथक दल द्वारा जनपद पोहरी के ग्राम कोलहापुर में गतदिवस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।जागरूकता कार्यक्रम में कलापथक दल के कलाकार विनोद श्रीवास्तव ने नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नशा मुक्त भारत संकल्प का आयोजन किया गया। इस मौके पर यहां पर मौजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणजन ने नशे से मुक्ति का संकल्प भी लिया।कलाकार विनोद श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मनुष्य जीवन का नाश करता है। बेहतर जीवन के लिए नशे से दूर रहना ही समझदारी है। नशा करने वाला व्यक्ति अपना कितना धन व सम्मान नशे में खो देता है, उसे स्वयं ही मालूम नहीं होता। नशे की लत छूटने उपरांत उसे इसके दुष्परिणामों का एहसास होता है तथा पश्चाताप करता है कि उसने यह नशे की लत पहले ही क्यों नही छोड़ी। व्यक्ति शौक के तौर पर नशीली वस्तुओं का सेवन करने लग जाता है। उसको स्वयं नहीं पता चलता कि उसका यह शौक कब आदत में तबदील हो जाता है। इस दौरान उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र के माध्यम नशे से दूर रहने का कार्य किया जाता है। इसके अतिरिक्त नशा करने वाले व्यक्ति को अविश्वास की भावना से देखा जाता है। भावी पीड़ी को नशा मुक्त समाज प्रदान करने के लिए हमें एकजुट हो कर इसको समाप्त करना होगा। वहीं नशा परिवार को तोड़ता है। नशा समाज को दूषित करता है। ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि समाज को नशा मुक्त करने के लिए अपने-अपने स्तर पर काम करें।



संबल योजना के उपरांत मिले भरण:पोषण के पैसों को डकार गया पूर्व पार्षद राजकुमार पाल

पीड़ित परिवार के व्यक्ति ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शिवपुरी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देने आए आवेदन करता ने बताया की पूर्व पार्षद राजकुमार पाल ने हमें भरण पोषण के लिए संबल योजना के तहत मिलने वाले 2 लाख रुपए निकाल लिए और मांगने पर गाली गलौज करता है और पैसे देने की मना कर रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार बल्लू कुशवाहा पुत्र किशन लाल कुशवाहा निवासी बछोरा मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के पीछे की पत्नि पदमा कुशवाहा का निधन कोरोना काल में 22 अप्रैल 2022 को हो गया था मृत्यु उपरांत बल्लू के घर पर राजकुमार पाल पूर्व पार्षद बार्ड नं. 1 निवासी ठकुरपुरा आया और बल्लू से बोला कि. तुम्हें शासन कोटे से आर्थिक सहायता राशि दिलवा देता हूं, जिससे तुम्हारे बच्चो का भरण पोषण हो जायेगा। जिस पर पार्षद राजकुमार पाल द्वारा बल्लू से कहा गया कि तुम्हें पहले गरीबी

रेखा की किताब जो मेरी पत्नि के नाम से थी व पत्नि का आधार कार्ड, वोटर कार्ड व मृत्यु प्रमाण पत्र गरीबी रेखा का राशन कार्ड, आदि लिये गये व 10 हजार रूपये का खाता एक्सिस बैंक शाखा शिवपुरी के खाता नं. 921010002297 1866 निकलवाया और उस पर ए.टी.एम. कार्ड व चैकबुक एवं पासबुक अपने पास रख लिये जब मैंने कुछ समय बाद उक्त दस्तावेज मांगने तो कहा कि वह खो गये हैं।जब बल्लू ने बैंक की दूसरी पासबुक बनवाई और इंट्री दिनांक 01.02.2023 को कराई तब इंट्री होने के बाद पता चला कि पार्षद द्वारा ए.टी.एम. के माध्यम से समय समय पर दो लाख रूपये जो पत्नी को आर्थिक सहायता के रूप में जमा हुए थे वह उसके द्वारा निकाल लिये है जब बल्लू ने पार्षद से कहा तो पार्षद बोल रहा है कि तुझको जहां जाना है वहां चला जा तेरे पास क्या सबूत है कि मैंने रूपये निकाले है और बार-बार गाली गलौज करने लगता है और जान से मारने की धमकी देता है पार्षद द्वारा निकाले गए आर्थिक सहायता के रुपयों के कारण बल्लू कुशवाहा अपने तीन छोटे-छोटे बच्चों का भरण पोषण करने में काफी परेशानी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इसलिए आज उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को आवेदन के माध्यम से उसके साथ पार्षद द्वारा की गई धोखाधड़ी पर कार्रवाई करने की मांग की और जल्द से जल्द शासन द्वारा प्राप्त आर्थिक सहायता राशि दिलवाने की गुजारिश की

ब्राह्मणवाड़ा सीआरसी के वरवाड़ा प्राथमिक विद्यालय को इंस्पायर अवार्ड के लिए राज्य स्तरीय चयन

वारवाड़ा प्राइमरी स्कूल इंस्पायर अवार्ड (मानक) वर्ष 2021-22 के लिए छात्र दर्जी कुश रमेशभाई एवं संरक्षक पटेल विष्णुकुमार अंबालाल ने भाग लिया, जिसमें वरवाड़ा प्राथमिक विद्यालय की कृति (दृष्टिबाधित व्यक्ति के लिए स्मार्ट शूज) ने पूरे जिले से पहला नंबर प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चयन किया है। जीसीईआरटी गांधीनगर और डाइट सूरत द्वारा राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एस एन पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर, उमरख, बारडोली, जिला सूरत में आयोजित, जिसमें वरवाड़ा प्राइमरी स्कूल ने काम का प्रदर्शन किया और श्री विजयभाई पटेल, रिसोर्स एसोसिएट, जीसीईआरटी, गांधीनगर द्वारा प्रमाणपत्र और शील्ड प्रदान की, स्कूल, तालुक और जिले को राज्य स्तर पर उनकी भागीदारी पर गर्व है। उसके लिए छात्र दर्जी कुश रमेशभाई व शिक्षक श्री पटेल विष्णुकुमार अंबालाल को विद्यालय परिवार एवं ब्राह्मणवाड़ा सीआरसी अल्पेश श्रीमाली ने बधाई दी.

कान्फ्रेंस में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा बालाघाट पुलिस के कार्यों की सराहना की

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे
बालाघाट

भोपाल में माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में कमिश्नर्स, कलेक्टर्स, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक के कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया था जिसमें 1 फरवरी 2023 को पुलिस महानिदेशक म प्र द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति प्रस्तुत की गई। बैठक के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी बालाघाट में तैनात सुरक्षा बलों विशेषकर बालाघाट पुलिस विसबल तथा हॉकफोर्स के द्वारा नक्सल उन्मूलन के इतिहास में ऐतिहासिक कार्यवाही करने के लिये प्रशंसा की गई । पिछले 32 वर्षो में नक्सल उन्मूलन के क्षेत्र में वर्ष 2022 में कुल 6 नक्सलियों को धरासाही किया गया जिसमें 2 डिवीसीएम रैंक के नक्सली थे एवं जिन पर करीब 01 करोड़ से अधिक का इनाम घोषित था तथा मारे गये नक्सलियों से 02 ए 0 के 047 भी बरामद किये गये हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पदस्थ

जवानों का हौशला बनाये रखने के लिये पूरे प्रयास किये जायें और उनके कैम्पस में पर्याप्त सुविधायें उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने हेतु माननीय मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया है। बैठक के दौरान डा गिरीश कुमार मिश्रा कलेक्टर बालाघाट के द्वारा विकास कार्यों को दु:रस्थ दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचाने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार - प्रसार उन क्षेत्रों में निवास करने वालों प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही चिटफंड में की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुये माननीय मुख्यमंत्री द्वारा बालाघाट में हुये डबल - मनी की एफआईआर एवं उस पर की गई कार्यवाही पर भी बालाघाट पुलिस की सराहना की गई। समीर सौरभ पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि प्रदेश में बीयूडस के तहत यह पहली कार्यवाही है और उसमें लगभग 12 करोड़ से अधिक राशि जप्त की गई है । जिस पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने सभी जिलों को इसी तरह की कार्यवाही करने की अपेक्षा जाहिर की।

शास उच्च माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव में कुष्ठ निवारण जागरूकता को लेकर छात्रों को दिलाई शपथ

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कुष्ठ जागरूकता अभियान-2023 कार्यक्रम का आयोजन सीएम राइस केंपस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य एसी घोरमारे एवं प्रधानपाठक आर एल हनोते ने की। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक ओपी घोरमारे ने कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी प्रदान की तथा गुर्दे सर के द्वारा कुष्ठ रोग को मिटाने के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने नागरिकों से कुष्ठ रोगियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करने का आह्वान किया।माध्यमिक विभाग के शिक्षक रवि गरूड़े ने छात्रों को कुष्ठ रोग जागरूकता कार्यक्रम में कहा कि कुष्ठ रोग के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर निःशुल्क जांच की जाती है। कुष्ठ रोगी भी समाज का एक अभिन्न अंग होता है। कुष्ठ रोगी के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न करने की बजाय उसकी उपचार में मदद करनी चाहिए। प्रत्येक प्राणी समाज का हिस्सा है, उसके साथ किसी प्रकार का भेदभाव करना अमानवीयता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने आसपास यह देखना चाहिए कि किसी व्यक्ति में कुष्ठ रोग के लक्षण तो नही हैं, यदि किसी व्यक्ति में कुष्ठ रोग के लक्षण नजर आते हैं तो उसे सामान्य अस्पताल में उपचार के लिए भिजवाने में मदद करनी चाहिए। कुष्ठ रोग असाध्य बीमारी नहीं है। इसका उपचार संभव है। इस दौरान कुष्ठ निवारण में जागरूकता को लेकर मौजूद सभी शिक्षकों व छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाई कि मैं संभावित कुछ रोग के लक्षण वाले व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में आने के लिए प्रेरित करुगा। मैं यह भी सुनिश्चित करूंगा कि अगर ऐसा कोई कुष्ठ रोग है तो उसका पूरा इलाज करवाने में मदद करुंगा। अगर मेरी नजर में मेरे परिवार, पड़ोसी और समाज में कोई कुछ रोग का मरीज है तो मैं उसके साथ बैठने, खाने या घूमने-फिरने पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करूंगा। मैं कुष्ठ रोग पीड़ित व्यक्ति के साथ सामाजिक भेदभाव के रोकथाम के लिए सदा प्रयत्नशील रहूंगा। मैं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना कुष्ठ मुक्त भारत को साकार करने के लिए सदा प्रयत्नशील रहूंगा।

राष्ट्रीय भाजपा समर्थन मंच के प्रदेश संगठन मंत्री बने आशीष तोमर..

पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर-राष्ट्रीय भाजपा समर्थन मंच के प्रति लगन निष्ठा को देखते हुए राष्ट्रीय भाजपा समर्थन मंच के संस्थापक योगी सनी नाथ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक शर्मा की अनुशंषा पर एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शर्मा जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय भाजपा समर्थन मंच में आपको प्रदेश संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किया जाता है आपको निर्देशित किया जाता है की आप संगठन को गति प्रदान करने के सम्बन्ध कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित करे।

प्रद्युम्न के लिये टिकट त्यागने वाले सुनील की ताजपोशी कब ..?

बहुत कम लोगों को पता होगा कि उपनगर ग्वालियर ग्वालियर के सर्वाधिक लोकप्रिय कांग्रेस नेता सुनील शर्मा का टिकट फायनल हो गया था। लेकिन ऐन वक्त पर उनका टिकट काटकर प्रद्युम्न सिंह तोमर को दे दिया गया था। बाद में प्रद्युम्न सिंह चुनाव जीते और राज्य में मंत्री भी बने। लेकिन जिस वायदे के साथ युवा तुर्क सुनील शर्मा का टिकट काटा गया था वह आज तक पूरा नहीं किया गया है। कांग्रेस आलाकमान ने वायदा किया था कि सुनील का कद किसी मंत्री से कम नहीं होगा , लेकिन अब साल भर बीतने को है कांग्रेस नेता सुनील शर्मा की आज तक ताजपोशी नहीं हो सकी है।

ग्वालियर मेला परिसर में विगत दिवस हुए भीषण अग्निकांड से प्रभावित हुए व्यापारियों

ग्वालियर। श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारियों की मेला प्राधिकरण कार्यालय में पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में बृहद बैठक आयोजित हुई। बैठक में ग्वालियर मेला परिसर में विगत दिवस हुए भीषण अग्निकांड से प्रभावित हुए व्यापारियों को तत्काल उचित व पर्याप्त मुआवजा दिलाने के लिए मेला व्यापारी संघ की पहल पर पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से विस्तृत चर्चा की। फोन पर चर्चा में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने मेला में अग्निकांड पर चिंता व्यक्त करते हुए मेला व्यापारियों को पुरजोर ढंग से आश्वस्त किया कि संकट की इस घ?ी में वे पूरी तरह व्यापारियों के साथ खड़े हैं और उन्हें मुआवजा दिलाने के लिए शासन प्रशासन स्तर पर हरसंभव प्रयास करेंगे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने व्यापारियों को क्षतिपूर्ति दिलाने के लिए प्रदेश के मुख्यमन्त्री शिवराज सिंह चौहान को अनुशंसा की है। केंद्रीय मंत्री मेला की बची हुई अवधि के लिए स्थानीय स्तर पर व्यवस्था बनाने हेतु संभागीय आयुक्त को निर्देशित करने के लिए मुख्यमन्त्री को अनुशंसा करेंगे। पूर्व विधायक अग्रवाल की पहल पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने भरोसा दिया कि ग्वालियर मेला में व्यावसायिक सेवाओं हेतु 5 करोड़ रु. तथा अधोसंरचना हेतु 5 करोड़ रु. के अनुदान हेतु प्रावधान वतर्मान बजट में करने के लिए मुख्यमन्त्री को अनुशंसा करेंगे। चर्चा के दौरान मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारियों अध्यक्ष महेन्द्र भदकारिया, सचिव महेश मुदगल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता अनिल पुनियानी,

एवं संयोजक उमेश उप्पल, कल्ली पंडित, अनुज सिंह, सुरेश हिरयानी, बब्बन सेंगर, बंटी भदौरिया, रूपेश कैन द्वारा केंद्रीय मंत्री सिंधिया से श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला की अवधि 28 फरवरी तक बढ़ाने एवं इस अवधि तक ऑटोमोबाइल सेक्टर में वाहनों की खरीद पर टैक्स छूट जारी रखे जाने का आग्रह किया है, ताकि मेला में अपनी दुकानें व शोरूम लगाने वाले किसी भी बड़े व्यवसायी व छोटे-मझोले दुकानदार को घाटे का सामना न करना पड़े। मेला प्राधिकरण कार्यालय में पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस बृहद बैठक में मेला प्राधिकरण के सचिव निरंजन लाल श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे एवं मेला व्यापारियों की मांगों से पूर्ण सहमति व्यक्त की। इस चर्चा में मेला व्यापारी संघ के महेन्द्र भदकारिया अध्यक्ष, महेश मुदगल सचिव, अनिल पुनियानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता, उमेश उप्पल संयोजक, कल्ली पण्डित, सुरेश हिरयानी, अनुजसिंह, हरिकांत समाधिया, मुकेश अग्रवाल, संजय गर्ग, रामस्वरूप लल्ला शिवहरे, अरुण केन, सुरेंद्र जुनेजा, राजकुमार जैन, चंदन बैस, अनिल शर्मा, रमेश वर्मा, कमलसिंह, ललित अग्रवाल, संतोष उपाध्याय आदि मेला व्यापारी मौजूद रहे।

विरांगना रानी अवंति बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी के छात्र छात्राएं अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर

जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश कटरे ने दिया छात्रों को समर्थन

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे
बालाघाट

विरांगना रानी अवंति बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी के छात्र छात्राएं विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर छात्र छात्राओं के द्वारा धरना प्रदर्शन, रोड़ शो कर कई बार मुख्यमंत्री महोदय, कलेक्टर महोदय,उच्च शिक्षा मंत्री के नाम तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंप दिए हैं लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। छात्र छात्राओं ने बताया कि हम सभी छात्र छात्राएं वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी के बी.ए./बी.एस.सी. के नियमित छात्र है हम सभी छात्रों ने इसके पूर्व प्रभारी प्राचार्य श्री कन्हैयालाल हिवारे व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कई बार ज्ञापन के माध्यम से कराया गया पर आज दिनांक तक कोई समस्या का निराकरण नही किया गया और नई समस्या हमारे सामने आ चुकी है इस कारण हम 31 जनवरी से 7 फरवरी तक पढ़ाई बंद हड़ताल कर 7 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

इन समस्याओं के निराकरण हेतु की जा रही हड़ताल-छात्र छात्राओं ने समस्याओं के संबंध में बताया कि महाविद्यालय में हिंदी विषय के व्याख्याता नहीं है। महाविद्यालय में साइकिल स्टैंड नहीं है। खेल का मैदान नहीं है जिससे छात्र छात्राएं खेल से वंचित रहते हैं।महाविद्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। वाटर कूलर भी हमेशा बंद रहते हैं जिससे पानी पीने के लिए दिक्कतें का सामना करना पड़ता है। महाविद्यालय में छात्र संख्या 650 है लेकिन बी.ए./ बी.एस.सी. के छात्रों को पढ़ने के लिए पुस्तकें नहीं दी जा रही है। बी.एस.सी. में कभी भी प्रैक्टिकल नहीं कराया जाता और बिना प्रैक्टिकल के पास कर दिया जाता है। 4 सालों से कभी भी हिंदी साहित्य की क्लास नहीं लगी है ना कभी क्लास

में आए हैं। कॉलेज में कभी टीचर समय पर नही पहुंचते हैं कभी 12-00 बजे कभी 2-00 बजे यहां के टीचर आते हैं जिससे छात्र छात्राओं की क्लास नहीं लग पाती है। महाविद्यालय में दो ही क्लासरूम है बीए बीएससी के छात्र हॉल में बैठकर अध्ययन करते हैं।महाविद्यालय के बाथरूम में साफ सफाई नहीं होती है जिससे महाविद्यालय में गंदगी फैल रही है। महाविद्यालय के आसपास झाड़ियां होने से जंगली जानवर का आवागमन अधिक होता है जिससे छात्र-छात्राएं भयभीत रहते हैं। महाविद्यालय में बाहरी व्यक्ति का अधिक आना जाना है जिससे महाविद्यालय का माहौल बिगड़ता हुआ नजर आ रहा है। महाविद्यालय के ओबीसी छात्रों की 2021/2022 की स्कॉलरशिप नहीं आई है।छात्र छात्राओं ने कहा कि हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो छात्रो द्वारा बालाघाट कलेक्टर कार्यालय जाकर रोड शो और रोड जाम किया जाएगा जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होंगी।

हड़ताल के समर्थन में आएं जनभागीदारी अध्यक्ष वेद प्रकाश कटरे-महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की पेन डाउन हड़ताल का समर्थन करते हुए जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश कटरे ने कहा कि मैं छात्र छात्राओं के समर्थन में हूं क्योंकि उनकी मांगे जायज है इन छात्र-छात्राओं की जितने भी मांगे हैं यह महाविद्यालय स्तर की है हमें छात्र छात्राओं ने अवगत कराया था हम प्राचार्य से कहा तो उन्होंने कहा कि मेरे हाथ में कुछ भी नहीं है सब पीजी प्राचार्य के हाथों में होता है कुछ भी चीजों के लिए कहा जाता है उन्हें तो वह सीधा मना ही कर देते हैं और मुझे इस प्राचार्य पद पर नहीं रहना है मुझे हटा दिया जाए बस यह कह कर बात को टाल दिया रहता है। यह बच्चों की अभी की समस्या नहीं है यह 1 फरवरी 2020 को यह महाविद्यालय नए भवन में शिफ्ट किया गया परंतु आज भी वही स्थिति में कॉलेज है जो पहले था। कई बार छात्र छात्राओं ने हड़ताल चक्का जाम भूख हड़ताल किए परंतु आज भी वही स्थिति है जो पहले थी कई छात्र-छात्राओं पर पुलिस केस दर्ज है फिर भी इस महाविद्यालय का विकास कभी नहीं हो पाया है जब छात्र छात्राओं ने अतिरिक्त संचालक महोदय जबलपुर को ज्ञापन दिया तो उन्होंने पीजी प्राचार्य बालाघाट गोविंद सिरसाठे को महाविद्यालय निरीक्षण पर भेजा गया तो खैरलांजी प्रभारी प्राचार्य कन्हैया लाल हिवारे ने सभी समस्याओं को छुपाने का प्रयास किया गया जब मैं पानी पीने के लिए वाटर फिल्टर के पास गया तो वह बंद था और प्राचार्य महोदय कहते हैं कि वह चालू है विगत दिनों से चल रही है फिर भी हमारे प्राचार्य महोदय इन समस्याओं का निराकरण नहीं कर पा रहे शायद प्राचार्य महोदय चाहते ही नहीं महाविद्यालय का विकास हो मैं समस्त छात्र छात्राओं के साथ इस हड़ताल का समर्थन करता हूं। द्य

किशोरी वैष्णवी गर्ग ने कहा की कथा सुनना तब सफल है जब हम कथा में नहीं कथा हमारे अंदर बैठे

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। संस्कार भवन असाटी वार्ड नंबर 1 में असाटी समाज द्वारा चल रही श्रीमद्भागवत कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग ने कथा के समापन दिवस पर श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र की सभी महत्वपूर्ण गाथाओं का वर्णन किया,किशोरी जी ने कहाँ कि हमें अपने जीवन का प्रत्येक पल ईश्वर भक्ति में व्यतीत करना चाहिए एवं हमें हर सांस में ईश्वर का नाम लेना चाहिए और एक भी सांस व्यर्थ नहीं जाना चाहिए।भक्त सुदामा ने श्री कृष्ण के बालपन में अपनी आयु व्यतीत की सौभाग्य से उनके सहपाठी बनें। समय के परिवर्तन में सुदामा ने अपने परिवार को गरीबी में पाला और श्री कृष्ण द्वारकाधीश बने। पत्नी के बार- बार कहने पर अपने मित्र श्री कृष्ण जी को मिलने गये। सुदामा इतने निर्धन थे कि उन्होंने पत्नी द्वारा लोगों से मांग कर लाए गए दो मुट्ठी चावल द्वारकाधीश को भेंट करने के लिए साथ ले चले। सुदामा पूछते हुए राजमहल गए और किसी ने श्री कृष्ण का मित्र होने का विश्वास नहीं किया। एक द्वारपाल ने द्वारकाधीश को सूचित किया। इतना सुनते ही श्री कृष्ण मित्र

सुदामा-सुदामा कहते हुए दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण अपने रथ पर बैठाकर सुदामा को राज भवन लाए और उनका मान सम्मान किया। उन्होंने कहा कि सच्चा मित्र वहीं है जो अपने मित्र को निस्वार्थ भाव से प्यार करे और विपत्ति आने पर उसकी सहायता करे। मुख्य यजमान श्रीमती राधारानी डालचंद असाटी जबलपुर नाका, श्रीमती मुन्नी खेमचंद्र असाटी जबलपुर नाका गुंजी वाले रिटायर्ड शिक्षक, कुसुम विष्णु प्रसाद असाटी शोभा नगर, आशा स्वर्गीय नाथूराम नायक असाटी वार्ड 1, श्रीमती सरोज रमेश सुंदरलाल असाटी वार्ड 1, मधु स्वर्गीय मदन असाटी असाटी वार्ड नंबर 1, विद्या स्व. श्री राम प्रसाद असाटी असाटी वार्ड 1, सुनीता स्वर्गीय श्री पंचम लाल इंदिरा कॉलोनी, ममता रामेश्वर असाटी इमलाई, सुमन स्वर्गीय मदनलाल असाटी इमलाई, श्रीमती प्रभा स्वर्गीय माधव प्रसाद असाटी है।इसी बीच फतेहपुर शाला के महंत परम पूज्य छोटे सरकार जी ,दमोह के राम कथा वक्ता पंडित नीलमणि दीक्षित जी ,पंडित बड़े पुराणिक जी आगमन हुआ, कथा व्यास वैष्णवी गर्ग जी की आगामी राम कथा 15 फरवरी को सिविल वार्ड 6 दमोह , श्रीमद भागवत कथा 18 फरवरी से 24 फरवरी तक शिव मंदिर सिविल वार्ड 4 में ,1 मार्च से 7 मार्च तक इंद्रा कालोनी सिविल वार्ड 2 दमोह में होंगी।असाटी समाज द्वारा करायी जा रही भागवत कथा के समापन बाद दिनांक 3 फरवरी, शुक्रवार को हवन, भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

डॉ मनीषा दुबे को राजस्थान में किया गया सम्मानित

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। राजस्थान के जयपुर शहर में सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी के कालिंदी आडिटोरियम जगतपुरा में भाव्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिन्द शिरोमणि सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन कपूर के कर कमलों से दमोह की डॉ मनीषा दुबे हिन्द शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सुनीता मीणा डीसीपी जयपुर की उपस्थिति रही। अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन एवं हिन्द शिरोमणि सम्मान का आयोजन भाव्या फाउंडेशन जयपुर के तत्वाधान में किया गया जिसमें शिक्षा, साहित्य, समाज सेवा के क्षेत्र में हिन्द शिरोमणि सम्मान से अलंकृत किया गया। इस कार्यक्रम में 14 देशो के सम्मान पाने वाले

शामिल हुए। इस दौरान 200 से ज्यादा लोगों को अलग अलग क्षेत्रों के लिए सम्मानित किया गया और निशक्तजनों मूक बधिर नेत्रहीन , आरटिजम बच्चों को एक नया मंच प्रदान किया गया। इस सम्मान के लिए डॉ मनीषा दुबे को सभी साहित्यकारों, शिक्षक शिक्षिकाओं गणमान्य नागरिकों ने अपनी शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की है।

ग्रामीण क्षेत्रों में अभी से गहराया पेयजल समस्या

ग्राम पंचायत बख्तरी में कुआ बावड़ी हैंड पंपों में जल नहीं बद पड़ी हैं नल जल योजना

संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

पन्ना- विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बख्तरी जहां की आबादी लगभग 2000 के ऊपर है अभी से हुआ हैंडपंप मैं पेयजल नहीं है अगर कहीं का हैंडपंप चालू भी है तो शुद्ध पेय जल नहीं है हैंडपंपों से गंदा दूषित पानी कचरा मिट्टी से पेयजल प्राप्त हो रहा है जिससे बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है।शुद्ध पेयजल एकमात्र सहारा नल जल योजना है जो बिगड़ी पड़ी है इसकी

शिकायत ग्राम वासियों ने सचिव ग्राम पंचायत धन्य प्रसाद यादव की ज्यादातर सचिव ग्राम पंचायत में कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते अगर फोन किया जाए तो जनता का फोन भी रिसीव नहीं करते महिला सरपंच होने के नाते सचिव धन प्रसाद यादव मनमाने तरीके से पंचायत चलाते हैं कई बार आम जनता ने सीएम हेल्पलाइन एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों से शिकायतें की हैं पर धन बल की ताकत पर सचिव धन प्रसाद यादव पर विभागीय कार्यवाही नहीं होती।ग्राम की आम जनता ने सचिव धन प्रसाद यादव का स्थानांतरण करने की मांग की है तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नल जल योजना को शीघ्र चालू कराने की माग की है।

खजरी के माँ चंडी मेले में शामिल हुये वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक्स एंड कॉरपोरेशन के अध्यक्ष राहुल सिंह

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजलि टुडे

दमोह। खजरी ग्राम में प्रतिवर्षानुसार आयोजित होने वाले परंपरागत मां चंडी मेले में राहुल सिंह कैबिनेट मंत्री(दर्जा प्राप्त) शामिल हुए। इसके पहले बालाकोट में बहादुर सिंह के यहां श्रीमद्भागवत कथा आयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर उनके साथ जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू ठाकुर , युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा , सरपंच जालम सिंह , पूर्व सरपंच भूरे पटेल,मुरारी तिवारी हथना, वीरेंद्र साहू , डॉ सूरत सिंह, सहित बड़ी संख्या आस-पास के ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

शिक्षक राजेंद्र पांडे को सेवानिवृत्ति शाला परिवार ने दी भावविंह्वल विदाई

संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

ककरहटीककरहटी के सीएम राईज स्कूल की प्राचार्या श्रीमती इंदिरा राजे बुंदेला ने 31 जनवरी 2023 को विद्यालय में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक श्री राजेंद्र प्रसाद पांडे को शासकीय सेवा से निवृत्त होने पर विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर शाला परिवार की ओर से सम्मान भावविंह्वल विदाई दी राजेंद्र पांडेय सन् 1980 मैं महाराजगंज में शिक्षक पद पर पदस्थ हुए थे और 31 जनवरी 2023 को उच्च श्रेणी शिक्षक के पद पर कार्यरत रहते हुए सीएम राईज विद्यालय ककरहटी से सेवानिवृत्त हुए श्री पांडे ने अपने दायित्व कर्तव्यों का ईमानदारी के साथ निर्वहन किया सरल स्वाभाव के धनी पांडे जी छात्रों सहित शाला परिवार को अत्यंत प्रिय थे उनके विदाई समारोह में भाजपा युवा मोर्चा मंड़ल अध्यक्ष विनोद तिवारी,संकुल ककरहटी अंतर्गत समस्त स्कूलो का शिक्षक स्टाफ,सहित नगर के समाजसेवी,पूर्व नगर परिषद् ककरहटी उपाध्यक्ष राजकिशोर पांडेय,संकुल प्राचार्य सुधीर मिश्रा एवं मौजूद सभी ने विदाई समारोह में अपने उद्बोधन में सेवा से निवृत्त होने पर शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है!

आबकारी अपराधों पर कि गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। नशा मुक्ति अभियान के परिपेक्ष्य मे कलेक्टर एस. कृष्ण चैतन्य के आदेश के परिपालन में आबकारी अपराधों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र खरे के मार्गदर्शन में गत दिवस आबकारी विभाग दमोह द्वारा की गई वृत %ब% में मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही कर ग्राम करैया भदौली,आनू, कुचबंदिया मोहल्ला जबलपुर नाका में तलाशी ली गई। कार्यवाही में कुल 22 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 150 किलो ग्राम महुआ लाहन विधिवत् जप्त कर कुल 05 प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किए गएद्य महुआ लहन को मौके पर सेम्पल लेकर नष्ट किया गया। उक्त कार्यवाही दमोह वृत प्रभारी अनुरोध सेन आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा की गईद्य कार्यवाही में आबकारी आरक्षक जगदम्बा पांडे, हरिसिंह, सैनिक निरपत, धर्मेंद्र, राजू राय आदि शामिल रहे।

नव निर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष को फुटेरा तालाब संरक्षण समिति ने तालाब के विकास कार्यो के लिए ज्ञापन सौपा

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। फुटेरा तालाब संरक्षण समिति द्वारा पिछले कई वर्षो से ऐतिहासिक धरोहर के रूप में और शहर के सर्व समाज की धार्मिक आस्था के केंद्र फुटेरा तालाब को संरक्षण हेतु प्रयास किये जा रहे हैं, एक समय ऐसा आ गया था। जब तालाब जलकुंभी, गंदगी और बदबू से अटा पड़ा था। तालाब का अस्तित्व धीरे धीरे प्रशासन के उदासीन रवैये के चलते खत्म होने को कगार पर आ गया था, तब स्थानीय युवाओं ने इस तालाब को संरक्षित, अतिक्रमण मुक्त और स्वच्छ करने के लिए आंदोलित होकर अभियान प्रारंभ किया और तालाब को स्वच्छता के नए स्तर पर लेकर आये पर लगातार नगरपालिका और दमोह प्रशासन के तालाब के प्रति बेपरवाह और लचर रवैये के चलते तालाब पुनः गंदा होने लगा है। उक्त विषय को लेकर नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती मंजू राय जी को 12 सूत्रीय विकास कार्यो की सूची सहित ज्ञापन दिया गया जिसमे तालाब की साफ सफाई के लिए स्थायी कर्मचारी और जीर्णोद्धार के लिए मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई।

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कायर्क्रम के तहत दवा सेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम मध्यप्रदेश द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम दिनांक 10 से 17 फरवरी तक चलाया जा रहा हैं, जिसमें सामूहिक दवा का सेवन किया जाना है..देवेंद्रनगर बीएमओ डॉ अभिषेक जैन के सानिध्य में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का प्रशिक्षण आयोजन किया गया। जिसमें मलेरिया प्रोग्राम अधिकारी - कमलेश प्रजापति द्वारा एम. डी. ए. के क्रियान्वयन हेतु प्रमुख सुझाव दिए गए, साथ ही बड़ागांव सामुदायिक स्वाथ्य अधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रजापति द्वारा फाइलेरिया बीमारी का परिचय देकर लक्षण ,रोकथाम एवं बचाव के उपाय पर

विस्तृत चर्चा की ।। सुपरवाइजर पूजा विश्वकर्मा एवं ललितेश्वरी कुशवाहा द्वारा एम.डी.ए. के पूर्व की जाने वाली तैयारी, रिपोर्टिंग प्रपत्र, सुपरवाइजर के कर्तव्य,समस्याओं एवं समाधान आदि बातो की चर्चा सी.एच.ओ., ए.एन.एम.,आशा सुपरवाइजर, आशा ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एवं वॉलिंटियर को बतायी गयी कार्यक्रम में संध्या परिहार,हल्लू अहिरवार,अमोल मानके, सतेंद्र सेंगर आदि उपस्थित रहे।।

मरदाकला में मड़ई मेला का धूम धाम से किया गया आयोजन

संवाददाता हेमचंद नागेश

गरियाबंद बुधवार को प्रतिवर्ष के भाती इस वर्ष भी समस्त ग्राम वासियो के सहयोग से ग्राम पंचायत मरदाकला मे मडाई मेला का आयोजन किया गया था जिसमे ग्राम के सभी वरिष्ठ बुजुर्गो पंचायत बाडी प्रमुखो एव जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष गुंजेश कपिल युवा कांग्रेस जिला सह सचिव नेपाल सोरी युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव यशवंत कुमार यादव ब्लाक कांग्रेस मैनपुर हरिश्वर पटेल ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर नजीब युवा कांग्रेस तनवीर राजपुत राजीव गांधी युवा मितान क्लब अध्यक्ष मोहदा शिवचरण दीवान राजीव गांधी युवा मितान क्लब अध्यक्ष मरदाकला ललीत मरकाम ने देवी देवताओ कि पुजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धी की कामना किए युवा कांग्रेस ग्राम अध्यक्ष मरदाकला बलीराम नेताम उपाध्यक्ष बिशेषर नेताम युवा कांग्रेस ग्राम अध्यक्ष धवलपुर चुन्नु यादव ग्राम के प्रमुख शिवलाल मरकाम बलीराम नेताम बलियार नेताम त्रिलोक नेताम परितलाल नागेश डोमार ध्रुव पुष नेताम श्याम लाल नेताम युवा कांग्रेस कार्य कर्ता विष्णु नेताम भूपेन्द्र निषाद किसन निर्मलकर संतोष सहिस गुमान कपिल दानेश्वर यादव दिनेश ठाकुर हरिश्चंद्र नेताम पुरेश नेताम चैवन मरकाम मंधर नेताम एव बडी संख्या मे ग्रामीण एव क्षेत्र वासीयो ने मडाई मेला मे पहुँचकर देवी देवताओ का दर्शन किए और दुकान बहुत लगा था जिसमे सभी लोगो द्वारा समानो कि अच्छी खरीदी किए गया

एक भारत श्रेष्ठ भारत के परिकल्पना को साकार करने वाला बजट : डा.रामकुमार

संवाददाता हेमचंद नागेश

गरियाबंद- प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी जी के सरकार का आम बजट केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा सदन में पेश किया गया जिस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू नें कहा की मोदी जी के द्वारा देश के विकास के लिए जो प्राथमिकताएं तय किया गया है उसमें गरीब तपके के लोगों तक सरकार के जनकल्याणकारी योजना को पहुंचाना प्राथमिकता में शामिल है जिससे आम आदमी के जीवन में खुशहाली आ सके और वह आर्थिक रूप से समृद्व होकर मुख्य धारा से जुड़ सके और अपने सुनहरे सपनों को साकार कर सके, मोदी जी के द्वारा अधोसंरचना के क्षेत्र बड़ा निवेश को भी प्राथमिकता में शामिल करने से आने वाले समय में बड़ी मात्रा में रोजगार सृजन की संभावना बढ़ेगी जिससे करोड़ों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा,देश के युवा पीढ़ी को और ज्यादा हुनरमंद बनाने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से प्रशिक्षित कर विभिन्न क्षेत्रों में लोकल फार वोकल को बढ़ावा देने की बात बजट में मोदी जी के द्वारा समाहित किया गया है, पर्यावरण के क्षेत्र में आने वाले चुनौतियों को ध्यान में रख कर बड़ा कदम उठाने का निर्णय स्वागत योग्य है,देश के युवा शक्ति को पहचानने का काम युवाओं के ऊर्जा को सहीं



दिशा देकर देश और समाज के विकास में लगाने और उन्हें आर्थिक रूप में सक्षम बनाने की योजना को भी बजट में शामिल करना क्रांतिकारी कदम है,इसी तरह वित्तीय संस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाने प्रोत्साहन करने की बात बजट में शामिल करने से समग्र ग्राम विकास की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है, सरकार के सहीं नीति एवं साफ नीयत के कारन कोरोना जैसे वैश्विक महामारी और आर्थिक मंदी के चलते जहां कई देश आर्थिक रूप से बर्बाद होने के कगार पर है तब मोदी जी के दूरदृष्टि के चलते आज भारत के आर्थिक मजबूती को दुनिया सराहना कर रही है और विश्व मानस पटल पर भारत सारे क्षेत्रों में मजबूती से आगे बड़ रहा है,मोदी सरकार के द्वारा पेश यह समावेशी बजट आने वाले समय में एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण में ऐतिहासिक बजट साबित होगा !

नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले पार्थ ने शतक लगाया, 31 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली पार्थ ने अतुल वासन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 110 रन बनाए थे। पार्थ ने सौराष्ट्र के लिए नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 111 रन बनाए। सौराष्ट्र के बल्लेबाज पार्थ भुत ने नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए मंगलवार को रणजी ट्रॉफी के तीसरे क्वार्टर फाइनल में नाबाद शतक जड़कर 31 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। 25 साल के पार्थ ने पंजाब के खिलाफ नाबाद 111 रन बनाए और उनकी पारी की मदद से सौराष्ट्र पहली पारी में 303 रन बनाने में सफल रहा। पार्थ ने 155 गेंद में 11 चौके और चार छक्के लगाए। रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में नंबर नौ या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। इस मामले में पार्थ ने अतुल वासन का 31 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। वासन ने मार्च 1992 में बंगाल के खिलाफ दिल्ली में नंबर 10 पर बल्लबाजी करते हुए 110 रन की पारी खेली थी। 147 रन पर सौराष्ट्र ने गंवा दिए थे आठ विकेट सौराष्ट्र ने 147 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे और उसका 200 के स्कोर तक भी पहुंचना मुश्किल लग रहा था। इसके बाद पार्थ क्रीज पर आए और उन्होंने तेज पारी खेलकर अपना शतक पूरा किया और टीम को भी 300 के पार भी करा दिया। जवाब में पंजाब ने बिना विकेट खोए तीन रन बना लिए थे। पंजाब अभी 300 रन पीछे है। प्रभसिमरन सिंह दो और नमन धीर एक रन बनाकर खेल रहे थे। वेंकटेश ने झटके पांच विकेट, उत्तराखंड 116 रन पर ढेर तेज गेंदबाज एम वेंकटेश की शानदार गेंदबाजी की मदद से कर्नाटक ने मंगलवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तराखंड को पहली पारी में सस्ते में समेट दिया। वेंकटेश ने 36 रन देकर पांच विकेट लिए। उनके अलावा विद्वाथ कावेरप्पा और कृष्णप्पा गौतम को दो-दो विकेट मिले। कर्नाटक की गेंदबाजी के आगे उत्तराखंड के बल्लेबाज बेबस नजर आए और उनकी पूरी टीम 55.4 ओवर में 116 रन पर सिमट गई। जवाब में कर्नाटक ने पहले दिन का खेल खत्म होने पर बिना विकेट गंवाए 123 रन बना लिए। कर्नाटक ने पहली पारी में सात रन की बढ़त हासिल कर ली है। कप्तान मयंक अग्रवाल 65 और रविकुमार समर्थ 54 रन बनाकर खेल रहे थे। मयंक ने अपनी नाबाद अर्धशतकीय पारी के दौरान 74 गेंद का सामना किया और सात चौके लगाए, जबकि रविकुमार ने 86 गेंद में नौ चौके और एक छक्का लगाया। रिकी भुई ने मध्य प्रदेश के खिलाफ लगाया शतक आंध्र प्रदेश ने रिकी भुई के शतक के दम पर मंगलवार को रणजी ट्रॉफी के चौथे क्वार्टर फाइनल में मौजूदा विजेता मध्य प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में दो विकेट पर 262 रन बनाए। मैच के पहले दिन मध्य प्रदेश के गेंदबाज विकेट के लिए तरसते हुए नजर आए और आंध्र प्रदेश के बल्लेबाजों को ज्यादा परेशान नहीं कर सके। रिकी भुई ने 200 गेंद में नाबाद 115 रन बनाए और इस दौरान 12 चौके व एक छक्का जड़ा। पहले दिन का खेल खत्म होने के समय रिकी का साथ करण शिंदे दे रहे थे। करण ने 222 गेंद पर नाबाद 83 रन बनाए और नौ चौके एक छक्का लगाया। आंध्र प्रदेश के दोनों विकेट मध्य प्रदेश के गौरव यादव ने लिए। गौरव ने 17 ओवर में 53 रन दिए। झारखंड 173 रन पर सिमटा आकाशदीप की अगुआई में बंगाल ने रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल के पहले दिन मंगलवार को झारखंड को पहली पारी में 173 रन पर समेट दिया। आकाशदीप (4/62), मुकेश कुमार (3/61) और इशान पोरेल (1/26) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने सात विकेट चटकाए। झारखंड की ओर से कुमार सूरज ने नाबाद 89 रन बनाए। झारखंड ने 77 रन तक ही पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन सूरज ने टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। खराब रोशनी के कारण बंगाल की टीम बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरी और 66.2 ओवर का खेल पहले ही दिन हो सका।

ज्वेरेव पर लगे घरेलू हिंसा के आरोप झूठे, नहीं मिला कोई सबूत, कार्रवाई से बचे

लंदन । अक्तूबर 2021 में ज्वेरेव की महिला दोस्त ओलगा शेरीपोवा ने एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में ज्वेरेव के खिलाफ घरेलू हिंसा के

आरोप लगाए थे। पेशेवर टेनिस संघ (एटीपी) ने कहा है कि वह जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ अपनी महिला दोस्त के खिलाफ अपशब्दों के इस्तेमाल के आरोपों पर कोई कार्रवाई नहीं करेगी। अक्तूबर 2021 में ज्वेरेव की महिला दोस्त ओलगा शेरीपोवा ने एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में ज्वेरेव के खिलाफ घरेलू हिंसा के आरोप लगाए थे। उन्होंने यह भी कहा था कि ज्वेरेव अपशब्दों का भी इस्तेमाल करते हैं। ज्वेरेव हालांकि इन आरोपों को झुठलाते रहे हैं। एटीपी ने कहा कि उनका फोकस ज्वेरेव के खिलाफ 2019 में शंघाई में मास्टर्स स्पर्धा के अलावा मोनाको, न्यूयॉर्क और जिनेवा स्पर्धा के दौरान किए गए दुर्व्यवहार पर आधारित था। हमें मीडिया रिपोर्टों में लगाए गए आरोपों के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले हैं। ऐसे में हम उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं करेंगे। एटीपी ने एक तीसरे पक्ष लेक फोरेस्ट ग्रुप (एलएफजी) को जांच का जिम्मा सौंपा था। एलएफजी ने ज्वेरेव के अलावा उनकी महिला दोस्त से बात की। इसके अलावा परिवार और मित्रमंडली से जुड़े 24 लोगों से बात की। ज्वेरेव के खिलाफ यह जांच 15 महीने चली।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का निर्णायक मुकाबला आज, जानें कब-कहां देखें मैच

अहमदाबाद भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 सीरीज का निर्णायक मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा। दोनों टीमें यह मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करने की कोशिश करेंगी। यहां हम बता रहे हैं कि आप यह मैच कब और कहां देख सकते हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का आखिरी और निर्णायक मुकाबला बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस सीरीज का आखिरी मैच जीत दोनों टीमें सीरीज अपने नाम करने की कोशिश करेंगी। पहले मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 21 रन से हराया था। वहीं, दूसरे मैच में टीम इंडिया ने छह विकेट से जीत दर्ज की थी। ऐसे में दोनों टीमें तीसरा मैच जीतने की कोशिश करेंगी। इस सीरीज के दोनों मैच में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। रांची और लखनऊ में पिच से स्पिन गेंदबाजों को खासी मदद मिली थी। अहमदाबाद में बल्लेबाजों के लिए मददगार पिच मिलने की उम्मीद है, लेकिन यहां हमेशा ही स्पिन गेंदबाजों को थोड़ी मदद रही है। इस सीरीज में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही है। ऐसे में तीसरे मैच का भी रोमांचक होना तय है। आइए जानते हैं तीसरे टी20 के प्रसारण और ऑनलाइन टेलीकास्ट से जुड़ी सारी जानकारी... कब है भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20? भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 मैच एक फरवरी यानी बुधवार को खेला जाएगा। कहां खेला जाएगा भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20? भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। कब

शुरू होगा भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 मैच? भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी20 मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से खेला जाएगा। टॉस शाम साढ़े छह बजे होगा। कौन से टीवी चैनल पर प्रसारित होगा मैच? भारत और न्यूजीलैंड टी20 सीरीज के प्रसारण का अधिकार स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क (र३१ स्त्रङ्ग१३२ ठी३६ङ्ग१') के पास है। आप स्टार स्पोर्ट्स के अलग-अलग चैनल पर हिंदी और अंग्रेजी के अलावा देश की अन्य भाषाओं में कमेंट्री के साथ यह मैच देख सकते हैं। फ्री में कैसे देख सकते हैं लाइव मैच? डीडी फ्री डिश पर आप डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर इस मैच का लाइव प्रसारण देख सकते हैं। इसके लिए किसी भी तरह के शुल्क की आवश्यक्ता नहीं होती है। अगर आपके घर में टाटा स्काई का कनेक्शन है तो आप टाटा प्ले एप पर भी यह मैच देख सकते हैं। इसके लिए भी आपको अतिरिक्त शुल्क की जरूरत नहीं होगी। दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 भारतः शुभमन गिल, ईशान किशन (विकेटकीपर), राहुल त्रिपाठी, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या (कप्तान), दीपक हुड्डा, वाशिंगटन सुंदर, शिवम मावी, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल/उमरान मलिक, अर्शदीप सिंह। न्यूजीलैंडः फिन एलेन, डेवोन कॉन्वे (विकेटकीपर), मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स, डेरिल मिशेल, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर (कप्तान), ईश सोढ़ी, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, ब्लेयर टिकनर।

वीजा नहीं मिलने से जगरेब नहीं गए पहलवान, कुछ बिना पासपोर्ट एयरपोर्ट पहुंचे, फ्लाइट छूटी

नई दिल्ली । भारत के कई सीनियर पहलवान तैयारी नहीं होने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल

रहे हैं। वहीं, कई पहलवान वीजा नहीं मिलने की वजह से जगरेब नहीं पहुंचे हैं। जगरेब ओपन में भारत के कई पहलवान नहीं खेलेंगे निरीक्षण समिति की कोशिशों के बाद सिर्फ तीन पहलवान और एक कोच मंगलवार को रैंकिंग टूर्नामेंट में खेलने जगरेब पहुंच गए। कुछ अन्य पुरुष और महिला पहलवानों के मंगलवार की रात पहुंचने की उम्मीद है, लेकिन फ्रीस्टाइल, महिला और ग्रीको रोमन के 10 से अधिक पहलवानों का वीजा नहीं लगने के कारण खेलना अधर में लटका है। वीजा लगे पासपोर्ट देर से पहुंचने पर छूटी फ्लाइट पुरुष फ्रीस्टाइल टीम के चीफ कोच जगमिंदर के साथ अमन (57), पंकज (61) और विशाल कालीरमण (70) जगरेब पहुंच गए हैं। सूत्रों के मुताबिक सोनीपत से पहलवानों को रात 10 बजे ही दिल्ली एयरपोर्ट रवाना कर दिया गया। उनकी फ्लाइट रात एक बजकर 50 मिनट की थी, लेकिन पहलवानों के वीजा लगे पासपोर्ट काफी देर से मिले, जिसके चलते उनकी फ्लाइट छूट गई। इसके बाद तीन बजकर 20 मिनट की फ्लाइट से जगमिंदर के साथ तीनों पहलवानों को भेजा गया। बाकी फ्रीस्टाइल के दो और महिला पहलवानों को मंगलवार सुबह 10 बजे भेजा जा सका। फ्रीस्टाइल, ग्रीकोरोमन के नौ पहलवानों का नहीं लगा वीजा ग्रीकोरोमन के भी सिर्फ छह पहलवानों का वीजा लगा है। बाकी के छह पहलवान कोच हरगोविंद के साथ मंगलवार की रात जगरेब रवाना होंगे। फ्रीस्टाइल पहलवानों में सुजीत (65), जोंटी (92), विक्की (92) ग्रीको रोमन में मंजीत (55), करनजीत (67), अंकित गुलिया (72), रोहित (82), नरेंदर (97) का वीजा नहीं लगा है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर टेस्ट से पहले टीम इंडिया को झटका, यह बैटर बाहर, सूर्या को मिल सकता है मौका

नागपुर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नौ फरवरी से पहले टेस्ट की शुरूआत होगी। यह मैच नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ

आगामी टेस्ट सीरीज के आठ दिन पहले भारत को बड़ा झटका लगा है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, श्रेयस अय्यर चोटिल होने की वजह से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नौ फरवरी से पहले टेस्ट की शुरूआत होगी। यह मैच नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। श्रेयस अय्यर की पीठ में चोट लगी है। अब भारतीय टीम मैनेजमेंट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में सूर्यकुमार यादव को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करवा सकता है। ऐसा हुआ तो सूर्यकुमार सबसे लंबे फॉर्मेट में डेब्यू करते दिखेंगे। इसके अलावा टीम मैनेजमेंट शुभमन गिल को भी मध्यक्रम में खिला सकता है। वहीं, रोहित शर्मा के साथ केएल राहुल ओपनिंग करते दिख सकते हैं। श्रेयस अय्यर मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रेयस अय्यर तय समय में पीठ में चोट की समस्या से उबरने में विफल रहे हैं। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले ही चोट लगी थी और वह उस सीरीज में खेलने से चूक गए थे। हालांकि, सूर्या के मध्यक्रम बल्लेबाज होने की वजह से उन्हें गिल पर तरजीह दी जा सकती है। अय्यर फिलहाल शानदार फॉर्म में हैं। पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश पर 2-0 की टेस्ट सीरीज जीत में उनकी भूमिका अहम रही थी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया- जब न्यूजीलैंड 2021 के अंत में भारत आया था तो शुभमन गिल को मध्यक्रम पर खिलाने की बात चल रही थी। तब केएल राहुल को मयंक अग्रवाल के साथ ओपनिंग करनी थी। फिर राहुल चोटिल हो गए और गिल ने ओपनिंग की। तब से गिल लगातार रेड बॉल क्रिकेट में ओपनिंग ही कर रहे हैं। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या कप्तान रोहित शर्मा और उप कप्तान राहुल टीम में सलामी बल्लेबाजों की पहली पसंद हैं। इसके बाद चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली क्रमशः तीसरे और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं।

सीरीज से पहले ही पिच पर विवाद शुरू, स्मिथ बोले- अभ्यास मैच से बेहतर नेट पर स्पिन खेलना

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का कहना है कि पिछली बार भारत के दौरे पर उन्हें अभ्यास मैच के लिए हरी पिच दी गई थी, जबकि मैच के दौरान स्पिन पिच मिली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का कहना है कि भारत दौरे में अभ्यास मैच खेलना अप्रासंगिक है, इससे बेहतर तो नेट सत्र में आपस में मिलकर खेलना ज्यादा बेहतर है। ऑस्ट्रेलिया की टीम को चार टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारत का दौरा करना है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शृंखला से पहले अभ्यास मैच न खेलने का निर्णय लिया है। बकौल स्मिथ भारत में अभ्यास मैच में घासयुक्त और असल मैच के लिए स्पिन की मददगार पिच दी जाती है। ऐसे में मेहमान टीम को संघर्ष का सामना करना पड़ता है। स्मिथ को एक दिन पहले कॅरिअर में चौथी बार ऑस्ट्रेलिया का श्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर का पुरस्कार मिला है। उन्होंने ट्रेविस हेड और डेविड वॉर्नर को पछाड़कर एलेन बॉर्डर मेडल हासिल किया। स्मिथ ने कहा कि भारत दौरे में अभ्यास मैच खेलने से अच्छा तो नेट सत्र में पसीना बहाना है।

तेज गेंदबाज पैट कमिंस की अगुवाई में 18 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दौरे से पहले सिडनी में स्पिन की अनुकूल पिचों पर अभ्यास किया है। नागपुर में नौ फरवरी से शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व मेहमान टीम बंगलूरू में एक हफ्ते अभ्यास करेगी। स्मिथ ने कहा कि इंग्लैंड दौरे में हम दो अभ्यास मैच खेलते हैं। इस बार भारत दौरे में हमने अभ्यास मैच न खेलने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि पिछली बार हम भारत दौरे पर गए थे। हमें यकीन था कि अभ्यास मैच में घास वाली तेज पिच मिलेगी। इसके कोई मायने नहीं हैं क्योंकि मैच में पिच का मिजाज अलग होगा। उम्मीद है कि हमें अभ्यास के लिए अच्छी सुविधाएं मिलेंगी। ऑस्ट्रेलिया की इस बात के लिए आलोचना हो रही है कि उसने लंबी सीरीज से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं रखा। इस पर स्टीव ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें नेट पर ज्यादा अभ्यास करने से स्पिनरों को खेलने में ज्यादा मदद मिलेगी। नेट पर अभ्यास के समय हम ज्यादा से ज्यादा स्पिन गेंदों का सामना कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 2017 में भारत के खिलाफ शृंखला 1-2 से गंवाई थी। ऐसे में माना जा रहा है कि अभ्यास मैच न रखने के पीछे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बड़ा मनन किया है। भारत का दुर्ग अभेद्य पर चुनौती को हैं तैयार स्मिथ ने कहा कि मेरा मानना है कि हमने अभ्यास मैच न रखकर अच्छा ही किया है। पिछली बार उन्होंने हमें अभ्यास मैच में घास वाली पिच दी। हमने बमुश्किल स्पिन गेंदों का सामना किया। ऐसे में यह अभ्यास मैच लाभप्रद नहीं रहा था।

नियामकीय ढांचा और करों में स्पष्टता की उम्मीद, क्या रहेगा क्रिप्टोकरेंसी पर सरकार का रुख?

नई दिल्ली। वर्तमान वर्ष में क्रिप्टो निवेशक आभासी मुद्रा पर सरकार के रुख का इंतजार कर रहे हैं। क्रिप्टो बाजार के जानकारों का मानना है कि डिजिटल मुद्रा में निवेश करने वालों को केंद्रीय बजट 2023-24 के बजट भाषण से क्रिप्टोबाजार के भविष्य के संबंध में अहम संकेत मिलेंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण (वित्तीय वर्ष 2023-24) में अब कुछ घंटे ही शेष रह गए हैं। अधिकतर जानकारों का मानना है कि चुनावी साल के एक वर्ष पहले सरकार आम आदमी की पसंद का बजट पेश करना चाहेगी। बाजार के हर हितधारक की बजट से अपनी-अपनी अपेक्षाएं हैं। क्रिप्टोकरेंसी बाजार भी बड़ी उम्मीदों के साथ केंद्रीय बजट 2024 का इंतजार कर रहा है। क्रिप्टो बाजार सरकार से कर व्यवस्था में बदलाव के साथ ऐसे कदमों की उम्मीद कर रहा है जिससे देश में उसकी मांग में

वृद्धि हो। वर्ष 2022 क्रिप्टोबाजार के लिए एक कड़वा साल रहा। इस साल क्रिप्टो करेंसी मार्केट को भारी गिरावट, लिक्विडिटी की कमी, प्रमुख क्रिप्टो एक्सचेंजों का दिवालियापन, ट्रेडिंग वॉल्यूम में तेज गिरावट और अस्थिरता जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। भारत में क्रिप्टो बाजारों को दोहरे कर झटके का सामना करना पड़ा है। सरकार ने यहां 30% से अधिक अधिभार और उपकर के साथ-साथ आभासी डिजिटल मुद्रा पर 1% टीडीएस कटौती की घोषणा कर रखी है। जिससे बाजार और निवेशक दोनों प्रभावित हुए हैं। लेनदन पर लगने वाले टैक्स और टीडीएस में कटौती की उम्मीद ऐसे में वर्तमान वर्ष में क्रिप्टो निवेशक आभासी मुद्रा पर सरकार के रुख का इंतजार कर रहे हैं। क्रिप्टो बाजार के जानकारों का मानना है कि डिजिटल मुद्रा में निवेश करने वालों को केंद्रीय बजट 2023-24 के बजट भाषण से क्रिप्टोबाजार के भविष्य के संबंध में अहम संकेत मिलेंगे। सरकार 2024 के बजट में क्रिप्टोकरेंसी पर अहम घोषणाएं कर सकती हैं। बाजार को वित्त मंत्री से कर व्यवस्था में छूट, नए नियामकीय ढांचे और लेनदेन पर लगने वाली टीडीएस में कटौती की उम्मीद है। कॉइनएक्स के संस्थापक पुनीत अग्रवाल के अनुसार अगर 2023 के बजट में क्रिप्टो निवेशकों के लिए एक बेहतर और अधिक अनुकूलित कर व्यवस्था की घोषणा की जा सकती है। अग्रवाल के अनुसार भारत ने पिछले एक साल में कई बार क्रिप्टो से संबंधित एक नियामकीय ढांचे की बात कही है। भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी 20 शिखर सम्मेलन में भी विशेष रूप से निगमित और गैर निगमित बाजारों पर चर्चा होनी है। हालांकि कॉइनएक्स के संस्थापक मानते हैं कि ना केवल नियामकीय ढांचे क्रिप्टो निवेशकों के लिए एक आसान टैक्स ढांचे की भी बाजार अपेक्षा रखता है। अगर बजट के दौरान सरकार की ओर से ऐसी कोई घोषणा की जाती है तो इससे क्रिप्टो बाजार में नए निवेशक आकर्षित होंगे। इसके अलावे इस बार के बजट में सरकार क्रिप्टो के लेनेदेन पर लगने वाले टीडीएस में कमी की भी उम्मीद कर रही है। 2032 तक देश की जीडीपी में 1.1 ट्रिलियन डॉलर जोड़ सकता है क्रिप्टोबाजार जेबपे के सीईओ राहुल पगीदिपति के अनुसार वर्ष 2022 ही3 और क्रिप्टोकरेंसी बाजार के लिए अहम साल रहा। नया और गैरआजमाया हुआ बाजार होने के बावजूद बीते साल भारत में क्रिप्टो बाजार में तेज वृद्धि दिखी। क्रिप्टो में निवेश करने वालों की संख्या लगातार बढ़ी है। ऋछ्ठउक की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2032 तक ही 3.0 और ब्लॉकचेन भारत की जीडीपी में 1.1 ट्रिलियन डॉलर की राशि जोड़ सकता है।

बजट की घोषणाओं पर बाजार की मिली-जुली प्रतिक्रिया, जानें किस लेवल पर बंद हुआ बाजार?

नई दिल्ली । बजट की घोषणाएं सेंसेक्स को रास आई पर निफ्टी को नहीं, जानें किस लेवल पर बंद हुआ बाजार? केंद्रीय बजट की घोषणाओं के बीच शेयर बाजार ने बुधवार को मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। बजट की घोषणाएं सेंसेक्स को तो कुछ हद तक रास आई पर निफ्टी में इस दौरान दबाव दिखा। बजट के दिन 30 शेयरों वाला सेंसेक्स इंडेक्स 158.18 अंकों की बढ़त के साथ 59,708.08 अंकों पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला निफ्टी 50

इंडेक्स 45.85 अंक टूटकर 17616.30 अंकों पर बंद हुआ। दिन के उच्चतम स्तर से 1065 अंक तक लुढ़का सेंसेक्स, आखिरी मिनटों में हुई खरीदारी बजट के दिन शुरूआती कारोबार में बाजार में रौनक दिखी। इस दौरान सेंसेक्स दिन के उच्चतम स्तर 60773 अंकों तक उछला। हालांकि फिर बाजार में बिकवाली हावी हो गई और यह 1065 अंकों की गिरावट के साथ 59,708 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। बाजार में आखिरी मिनटों में खरीदारी दिखी। बाजार किसी तरह अपनी पिछले दिन की क्लोजिंग से 158 अंकों की बढ़त हासिल करने में कामयाब रहा। दूसरी ओर निफ्टी 17972 से गिरकर 17616 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। निफ्टी में बजट के दिन 17811 के लेवल पर कारोबार शुरू हुआ था। निफ्टी बाजार के उच्चतम स्तर 653 अंक से टूटकर 45 अंक नीचे बंद हुआ। आईटी और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में तेजी जबकि ऑटो व फार्मा सेक्टर के शेयर टूटे बजट के दिन बाजार के ज्यादातर सेक्टर्स में बिकवाली हावी रही।

सर्दियों में कैंसर मरीजों की इम्यूनिटी मजबूत करेंगी ये चीजें, बनाएं अपनी रुटीन का हिस्सा

सर्दियों के मौसम में इम्यून सिस्टम कमजोर होने लगती है जिसके कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। खासकर इस मौसम में कैंसर के मरीज बीमारियों से घिर सकते हैं क्योंकि इन लोगों की इम्यूनिटी बाकी रोगियों के मुकाबले कमजोर होने लगती है। कीमोथेरेपी और दवाइयों के कारण शारीरिक और मानसिक रुप से व्यक्ति अस्वस्थ होने लगता है। ऐसे में आप सही डाइट और हैल्दी लाइफस्टाइल के साथ अपनी इम्यूनिटी मजबूत कर सकते हैं। तो चलिए आपको बताते हैं कि सर्दियों में कैसे आप अपना ध्यान रख सकते हैं...

लें पूरी नींद

तनाव कम करने और अच्छे लाइफस्टाइल के लिए नींद पूरी होना जरुरी है। खासकर कैंसर के रोगों को पूरी नींद लेनी चाहिए यदि वह 7-8 घंटे की नींद नहीं लेंगे तो उनकी परेशानी बढ़ सकती है। नींद पूरी न होने के कारण इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है। जिसके कारण सर्दियों में जुकाम, फ्लू, खांसी और इंफेक्शन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में यदि आप पर्याप्त मात्रा में नींद लेना चाहते हैं तो अपने सोने का समय फिक्स करें। साथ में खाना-खाने के 4-5 घंटे के बाद ही सोएं।

खाएं बीन्स

कैंसर के मरीज अपनी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए पोषक तत्व और फाइबर रिच आहार का सेवन कर सकते हैं। स्वस्थ रहने के लिए आप दाल और बीन्स खाएं। इसमें पाए जाने वाले गुण कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने में मदद करते हैं। इसका सेवन करने से आप मौसमी बीमारियों से भी बचे रहेंगे।

तनाव न लें

यदि आप लोग अपनी इम्यूनिटी मजबूत करना चाहते हैं तो तनाव कम करें। तनाव के कारण शरीर के कैमिकल्स पर बुरा प्रभाव पड़ता है जिसके कारण पाचन तंत्र, इम्यूनिटी भी बिगड़ सकती है। आप तनाव कम करने के लिए योगा, मेडिटेशन, डीप ब्रीदिंग, म्यूजिक सुनना जैसी एक्टिविटिज कर सकते हैं। यदि फिर भी तनाव कम नहीं हो रहा तो आप डॉक्टर से काउंसलिंग लें और तनाव से दूर रहें।

अखरोट का करें सेवन

सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए आप लोग अखरोट का सेवन कर सकते हैं। इसमें विटामिन-बी, मैग्नीशियम, फाइबर, प्रोटीन जैसे गुण पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो कैंसर सेल्स को इकट्ठा होने से रोकते हैं। आप सोया का सेवन भी कर सकते हैं। सोया में फाइटोन्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं जो कैंसर रोगियों के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। सोया दूध, टोफू जैसी चीजें आप डाइट में शामिल कर सकते हैं।

हल्दी वाला दूध

हल्दी वाले दूध का सेवन आप इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। इसमें आयरन, विटामिन-बी6, ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है,. जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। लेकिन कुछ खाने के कम से कम 1 घंटे बाद ही दूध का सेवन करें।

गाजर

गाजर का सेवन आप सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। यह वजन कंट्रोल करने और पेट भरने में मदद करती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, गाजर ट्यूमर कोशिकाओं को खत्म करने में भी मदद करती है।



एक्सरसाइज के बाद थक जाता है शरीर तो खाएं ये नट्स, बॉडी को मिलेगी इंस्टेंट एनर्जी

स्वस्थ शरीर के लिए एक्सरसाइज बहुत जरुरी है। नियमित एक्सरसाइज करने से शरीर भी हैल्दी रहता है और मूड भी ताजा रहता है। बहुत से लोग जिम में कड़ी मेहनत करके और पसीना सिर्फ पानी, जूस और शेक का ही सेवन करते हैं। लेकिन जिम और एक्सरसाइज के बाद शरीर को ऊर्जा की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में शरीर को हैल्दी रखने के लिए आप कार्ब्स और प्रोटीन का सेवन कर सकते हैं। जिम और एक्सरसाइज के बाद प्रोटीन का सेवन करने से शरीर को पोषण मिलता है और शरीर एकदम हैल्दी भी रहता है। नट्स का सेवन आप एक्सरसाइज करने के बाद कर सकते हैं। आइए आपको बताते हैं ऐसे कुछ नट्स जिनका आप सेवन कर सकते हैं...

मूंगफली

मूंगफली का सेवन करके आप शरीर को हैल्दी रख सकते हैं। इसमें प्रोटीन, आयरन, विटामिन-सी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। खासकर वर्कआउट के बाद इसका सेवन करने से शरीर को ऊर्जा मिलती है। इसके अलावा मूंगफली खाने से आपकी हड्डियां भी मजबूत रहती हैं।

काजू

काजू शरीर को हैल्दी रखने में मदद करते हैं। इसमें प्रोटीन, आयरन, फाइबर और विटामिन-सी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह आपकी मांसपेशियों को मजबूत बनाने और शरीर को हैल्दी रखने में सहायता करते हैं। जिम या एक्सरसाइज करने के बाद आप इनका सेवन कर सकते हैं। एक्सरसाइज के बाद अगर आपके शरीर में थकावट होती है तो भी आप काजू खा सकते हैं। स्मूदी में डालकर आप काजू खा सकते हैं।

पिस्ता

पिस्ता का सेवन आप शरीर को हैल्दी रखने के लिए कर सकते हैं। पिस्ता में आयरन, सोडियम, प्रोटीन, विटामिन-सी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो वजन घटाने और इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। वर्कआउट के बाद आप पिस्ता का सेवन कर सकते हैं।

अखरोट

शरीर को हैल्दी रखने के लिए आप अखरोट का सेवन कर सकते हैं। इसमें कैल्शियम, आयरन, फाइबर और फोलेट काफी अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। वर्कआउट के बाद अखरोट खाने से आपकी मांसपेशियां मजबूत होती है और आपका शरीर भी एकदम हैल्दी रहता है। भिगोकर या फिर ऐसे ही आप इन्हें खा सकते हैं।

बादाम

बादाम भी आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। इनमें प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम और विटामिन-ई काफी अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। नियमित बादाम खाने से शरीर में प्रोटीन की मात्रा पूरी होती है। इसके अलावा यह आपकी मांसपेशियों के फाइबर्स को भी रिपेयर करने में मदद करते हैं। इसका सेवन करने से आपको इंस्टेट एनर्जी मिलती है। वर्कआउट के बाद आप इसका सेवन कर सकते हैं।

नोटः यदि आपको कोई बीमारी या फिर इन ड्राई फ्रूट्स से एलर्जी है तो डॉक्टर से पूछ कर ही इसका सेवन करें।

फरवरी में घूमने के लिए बेहतरीन हैं ये जगह, बजट में ले सकेंगे सफर का आनंद

फरवरी का महीना चल रहा है। इस महीने में सर्दियां कुछ कम हो जाती हैं। न तो कंपकंपाने वाली कड़ाके की ठंड होती है और न ही उमस व पसीने वाली गर्मी महसूस होती है। ये मौसम घूमने के लिए काफी अच्छा रहता है। जो लोग घूमने का शौक रखते हैं उनके लिए फरवरी एक अच्छा मौका भी होता है। फरवरी मौसम के साथ ही प्यार के महीने के कारण भी घूमने के लिए बेस्ट है। लोगों को फरवरी में घूमने के लिए कई विकल्प मिलते हैं। अपने पार्टनर, दोस्तों या परिवार के साथ घूमने के लिए इस महीने में आप बहुत सारी जगहों पर जा सकते हैं। वैसे फरवरी के बाद बर्फबारी देखने को नहीं मिलती और फिर बर्फ के लिए आपको अगले साल तक का इंतजार करना पड़ सकता है। इसलिए अगर कपल फरवरी में वैलेंटाइन डे मनाने के लिए घूमने जा रहे हैं तो ऐसी जगहों का चयन कर सकते हैं, जहां बर्फबारी भी देखने को मिले। हालांकि अगर शादीशुदा हैं और बच्चों व परिवार के साथ फरवरी में घूमने जा रहे हैं तो कुछ कम ठंडी जगहों का भी चयन कर सकते हैं। आइए जानते हैं फरवरी के महीने में घूमने के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन के बारे में। गुलमर्ग सर्दी के खत्म होते होते अगर बर्फबारी देखनी हो और पार्टनर के साथ वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट करने की योजना है तो कश्मीर के गुलमर्ग जा सकते हैं। गुलमर्ग इस मौसम में जाने के लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। उत्तर भारत की सबसे खूबसूरत जगहों में गुलमर्ग शामिल है। गुलमर्ग अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए मशहूर है। यहां के नजारों के बीच कपल एक दूसरे के प्यार को महसूस कर पाएंगे। साथ ही स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग का लुत्फ भी उठा सकते हैं। उदयपुर अगर बहुत अधिक ठंडी जगह पर नहीं जाना चाहते है तो राजस्थान के उदयपुर शहर को फरवरी महीने में घूमने जा सकते हैं। उदयपुर झीलों का शहर है। यहां ऐसी बहुत सारी जगह मिल जाएगी, जहां आप कम वक्त में अधिक मौज मस्ती कर सकेंगे। यहां की झीलों में नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। स्थानीय बाजार और लजीज राजस्थानी खाना आपको बहुत अच्छा लगेगा। अल्मोड़ा कम बजट में घूमना है तो उत्तराखंड के अल्मोड़ा हिल स्टेशन की ओर रुख करें। अल्मोड़ा अपनी हसीन वादियों और ऐतिहासिक विरासत के लिए मशहूर है। इस मौसम में अल्मोड़ा में आप बेफिक्री से घूम सकते हैं। यहां कई प्राचीन मंदिर हैं, जहां आप दर्शन के लिए जा सकते हैं। नंदा देवी मंदिर अल्मोड़ा में ही है। मनाली हिमाचल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में शिमला मनाली का नाम सबसे पहले आता है। मनाली में जनवरी से मार्च तक बर्फ देखने को मिलती है। बर्फबारी के कारण यहां की खूबसूरत अधिक बढ़ जाती है। बर्फ की सफेद चादर से ढकी पहाड़ियां और जमीन काफी सुंदर लगती हैं। मनाली के पास ही सोलंग वैली है, जहां आप एडवेंचर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।

किसी को देना है गुलाब तो सही रंग का करें चयन, हर रंग के फूल का होता है अलग मतलब

मुहब्बत का महीना है। इस महीने यानी फरवरी में वैलेंटाइन सप्ताह मनाया जाता है। वैलेंटाइन सप्ताह को प्यार करने वालों का उत्सव होता हैं। वैलेंटाइन सात दिन का पर्व होता है, जिसका हर दिन प्यार के इम्तिहान की तरह होता है। सात फरवरी से 14 फरवरी तक वैलेंटाइन वीक मनाते हैं। पहले दिन यानी सात फरवरी को रोज डे मनाया जाता है। गुलाब को प्यार और अन्य भावनाएं जाहिर करने का प्रतीक माना जाता है। जब आप किसी से प्यार करते हैं और उनके अपने इश्क का इजहार करना चाहते हैं तो लाल गुलाब देकर इशारों में इस बातो जाहिर कर देते हैं। लाल रंग प्यार का प्रतीक है और लाल गुलाब दोनों लोगों के बीच इश्क को दशार्ता है। हालांकि अगर आप किसी को पसंद करते हैं और पसंद को प्यार में बदलने का वक्त चाहते हैं, तो उन्हें लाल गुलाब नहीं बल्कि किसी अन्य रंग का गुलाब देना चाहिए। इसी तरह अगर आप किसी से दोस्ती करना चाहते हैं तो उसे पीला गुलाब देते हैं लेकिन अगर पहले से ही कोई दोस्त है और उसे गुलाब देकर ये बताना चाहते है कि आप दोनों की दोस्ती कितनी गहरी है, तो पीला नहीं बल्कि दूसरे रंग का गुलाब दिया जाता है। क्या आपको इस बारे में जानकारी है? अगर नहीं है तो आइए जानते हैं हर रंग के गुलाब का क्या मतलब होता है और किसे कौन से रंग का गुलाब रोज डे पर दिया जाना चाहिए। लाल गुलाब लाल रंग प्यार का प्रतीक है। शादीशुदा महिलाओं के लिए उनके सुहाग का प्रतीक है। पति की लंबी आयु को दशार्ता है। रोज डे पर लाल गुलाब देकर भी आप प्यार की इसी भावना को जाहिर कर सकते हैं। लाल गुलाब आपके प्यार की गहराई को पार्टनर के सामने दशार्ता है। आप किसी को लाल गुलाब देकर बिना शब्दों के इजहार ए मुहब्बत कर सकते हैं। गुलाबी गुलाब पिंक यानी गुलाबी रंग का गुलाब देखने में जितना प्यारा होता है, उतना ही खास इस रंग का अर्थ है। गुलाबी रंग का गुलाब आप अपने जीवन में किसी खास शख्स को दे सकते हैं। जीवन में आप जिस भी रिश्ते को महत्वपूर्ण मानते हैं, उसे इसकी गहराई का अहसास दिलाने या उनकी अहमियत को जाहिर करने के लिए गुलाबी गुलाब दे सकते हैं। पिंक रंग का गुलाब अक्सर लोग अपने बेस्ट फ्रेंड को देते हैं और दोस्ती को अधिक गहरा करना चाहते हैं। इसके अलावा अगर आप किसी को धन्यवाद बोलना चाहते हैं तो भी पिंक गुलाब दे सकते हैं। पीला गुलाब पीले रंग के गुलाब को दोस्ती का प्रतीक मानते हैं। अगर आप किसी से दोस्ती करना चाहते हैं तो उन्हें पीला गुलाब तोहफे में दें। इसका शाब्दिक अर्थ होगा- क्या मुझसे दोस्ती करोगे? अगर साथी आपके गुलाब को मंजूर कर लेता है तो समझिए उसने आपकी दोस्ती को स्वीकार कर लिया और अब दोनों दोस्ती के रिश्ते में आ गए हैं। यहां से दोस्ती की नई शुरूआत होती है। पीला गुलाब किसी रिश्ते की शुरूआत का भी प्रतीक है। दरअसल कोई भी रिश्ता मजबूत तब होता है, जब उसमें मैत्रीपूर्ण भावनाएं शामिल हों। नारंगी गुलाब नारंगी यानी ऑरेंज रंग का गुलाब भी आकर्षण का प्रतीक है। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उनके साथ अपने रिश्ते को दोस्ती से एक कदम आगे बढ़ाना चाहते हैं तो नारंगी रंग का गुलाब दें। इस रंग का गुलाब देकर आप सामने वाले को बता सकते हैं कि आप उन्हें पसंद करते हैं। उन्हें समझना चाहते हैं और आप दोनों के रिश्ते को अधिक वक्त देना चाहते हैं। किसी को इज्जत देने के लिए भी नारंगी गुलाब दिया जा सकता है। सफेद गुलाब सफेद रंग को शांति का प्रतीक मानते हैं। सफेद गुलाब देकर रिश्ते में शिकायत, नाराजगी को दूर करने का आग्रह कर सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति से कोई विवाद चल रहा है, परिवार में या दोस्त से लड़ाई हो गई हो और उसे खत्म करना चाहते हैं तो रोज डे के मौके पर उन्हें सफेद गुलाब देकर पैचअप कर सकते हैं।

तारक मेहता के मेकर्स ने अभी तक नहीं चुकाई शैलेश लोढ़ा की बकाया कमाई? फिर लगा आरोप

टीवी दुनिया का सबसे मशहूर शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा एक बार फिर विवादों में आ गया है। ये शो पिछले लगभग 15 सालों से ऑडियंस को एंटरटेन करता आ रहा है। शो का कांसेप्ट जितना अच्छा है और शो में ऑडियंस को जितनी एकता देखने को मिलती है असल में मामला उतना ही उल्टा है। दरअसल, कई सालों से लगातार ये शो कंट्रोवर्सी में बना हुआ है। आए दिन इस शो को लेकर एक नया विवाद सामने आता है। अबतक कई एक्टर्स इस शो को अलविदा कह चुके हैं। वहीं, कई एक्टर्स के शो छोड़ने पर बड़ा विवाद भी देखने को मिला है। जिसमें कलाकार और शो के मेकर्स के बीच का तनाव पूरी दुनिया के सामने आ गया। ऐसा ही कुछ तब देखने को मिला जब शैलेश लोढ़ा ने अचानक शो छोड़ने का फैसला लिया। तारक मेहता की शो से एग्जिट पर कई सवाल उठे थे और कई कयास भी लगाए गए। लेकिन अब जो खबर आई है उसके बाद एक बार फिर इस शो के मेकर्स शक के घेरे में आ गए हैं। दरअसल, अब रिपोर्ट्स का दावा है कि शैलेश लोढ़ा को मेकर्स ने अभी तक उनके बकाया पैसे नहीं दिए हैं। आपको बता दें, एक्टर को शो छोड़े हुए 6 महीने बीत चुके हैं लेकिन उनकी कंप्लेंट है कि उन्हें अभी तक उनकी मेहनत की कमाई अदा नहीं की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शैलेश लोढ़ा ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा इसलिए छोड़ा क्योंकि उनका मेकर्स से झगड़ा हो गया था। जिसके बाद शैलेश शो में खुद को अपमानित महसूस कर रहे थे, इसलिए उन्होंने बिना किसी नोटिस के शो छोड़ दिया। वैसे ये पहली बार नहीं है, जब ये खबर सामने आई हो कि मेकर्स ने किसी का पेमेंट नहीं किया है। कुछ समय पहले नेहा मेहता जो शो में अंजलि का रोल प्ले कर रही थी उन्होंने भी मेकर्स पर यही आरोप लगाया था कि शो छोड़ने के बाद मेकर्स ने उनके भी पैसे नहीं दिए हैं। जिसके बाद अब शैलेश को लेकर भी यही खबर सामने आई है कि वो बेसब्री से अपने पैसे मिलने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन प्रॉड्यूसर इस पर कोई ध्यान ही नहीं दे रहे। अब देखना होगा कि एक्टर को कब उनके बकाया पैसे मिलते हैं और कब ये कंट्रोवर्सी खत्म होती है।

केन्द्रीय आम बजट वित्तीय वर्ष 2023-24 पर 'चेम्बर भवन' में चर्चा आयोजित

ग्वालियर । केन्द्रीय वित्तमंत्री, भारत सरकार-श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा कल लोकसभा में प्रस्तुत किए गए केन्द्रीय आम बजट (वित्तीय वर्ष : 2023-24) पर आज एक चर्चा का आयोजन 'चेम्बर भवन' में किया गया ।आज की चर्चा सीए सर्वश्री आशीष पारख, आरुण डागा, गजेन्द्र जैन, दीपक वाजपेयी, राजेन्द्र खटवानी, मयूर गर्ग, शिवम कुमार, पुनीत बंसल, शकुंत सोमानी, शिवम के. अग्रवाल, श्रीमती मिताली गुप्ता सहित कर सलाकार (एडवोकेट), सर्वश्री जे. सी. गोयल, आदित्य गंगवाल व पंकज गोयल तथा स्वष्टष्टढ्ढ अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल सहित काफी संख्या में कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित थे ।इस अवसर पर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने उपस्थित सभी सीए एवं कर सलाहकारों का चर्चा में पधारने पर संस्था की ओर से हार्दिक स्वागत्ड़ करते हुए कहाकि केन्द्रीय बजट हमारे व्यापार-उद्योग में विशेष स्थान रखता है । इसलिए इसको समझने एवं इस पर चर्चा करने हेतु आज यह बैठक आयोजित की गई है, जो कि निश्ड़चित ही अपने उद्देश्ड़य में सार्थक सिद्ध होगी, ऐसा मुझे विश्ड़वास है ।चर्चा के प्रारम्भ में सीए आशीष पारख ने आम बजट को विकासोन्मुखी बताते हुए कहाकि बजट में सड़क, रेल, पोर्ट के विकास और निर्माण को काफी धनराशि का प्रावधान किया गया है, जो कि देश को विकास के रास्ते पर ले जाने में सहायक होगा और इसके नतीजे भविष्य में अवश्ड़य दिखेंगे । साथ ही, जब विकास पर काफी धनराशि व्यय होगी, तब निश्ड़चित ही रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होना स्वभाविक है । आपने कहाकि सरकार से ज्यादा छूट की उम्मीद नहीं करनी चाहिए

क्योंकि सरकार को 10 लाख करोड़ की राशि ब्याज के रूप में देनी पड़ रही है । आपने कहाकि बजट में पीएम आवास योजना को बढ़ावा दिया गया है । आपने कहाकि हमारे देश की स्थिति वर्तमान में दूसरे देशों के मुकाबले काफी अच्छी है । सरकार खर्चों पर नियंत्रण कर रही है । आपने इस अवसर पर बताया कि एमएसएमई द्वारा सरकारी विभागों को सप्लाई करने वाले सामान का भुगतान 15 दिन में करने का प्रावधान है और यदि एमएसएमई इकाई द्वारा वायर से एग्रीमेंट किया गया, तब भी 45 दिन से ज्यादा पेमेंट को लेट नहीं किया जा सकता है ।सीए अरुण डागा ने आयकर एक्ट में आयकर दाता को नई व्यवस्था और पुरानी व्यवस्था का चयन करने का विकल्प दिया गया है । नई कर व्यवस्था में आयकर छूट सीमा को रु. 5 लाख से बढ़ाकर रु. 7 लाख करने का प्रस्ताव है । साथ ही. नई आयकर व्यवस्था के तहत 5 करोड़ से अधिक की आय पर उच्चतम अधिभार दर को 37 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है । डागा ने बताया कि बेसिक लिमिट जो कि पूर्व में 2.5 लाख थी, उसे बढ़ाकर अब 3 लाख कर दिया गया है । साथ ही, 80सी की छूट अब नये कर प्रणाली में नहीं मिलेगी । आपने बताया कि कारपोरेट सोसायटी हेतु बजट में काफी छूट दी गई हैं । आईटी विभाग द्वारा यह देखा गया है कि उच्च मूल्य वाले आंकलन बहुत महंगे आवासीय घरों को खरीदकर भारी कटौती का दावा करते थे । अतः इसे रोकने के लिए धारा-54 और 54एफ के तहत करदाता द्वारा दावा की जा सकने वाली अधिकतम कटौती की सीमा 10 करोड़ रुपये कर दी गई है । आपने बताया कि बजट में ऐसे पॉलिसी धारक जो कि जीवन बीमा पॉलिसी में प्रति वर्ष 5 लाख रुपये अथवा इससे ऊपर की राशि प्रीमियम के रूप में जमा करते हैं, तब उन्हें भुगतान के समय इस पर टीडीएस देना होगा । सर्विस क्लास के लिए लीव इन्कम को बढ़ाकर 25 लाख कर दिया गया है । इसके साथ ही आपने बजट में आयकर के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला ।सीए दीपक वाजपेयी ने अपने उद्बोधन में कहाकि सरकार यदि 7 लाख की लिमिट सभी के लिए समान रूप से कर देती, तो यह काफी अच्छा होता । आपने कहाकि बजट वास्तव में काफी अच्छा है, परन्तु सरकार ने इसमें यह प्रावधान कर दिया है कि सरकार के सभी विभाग एक-दूसरे से करदाता की जानकारियाँ शेयर कर सकेंगे । साथ ही, सरकार ने तीन वर्ष से अधिक पुराने रिटर्न को फाइल करने के अधिकार को प्रतिबंधित कर दिया है । इस अवसर पर आपने कहा कि चूंकि अब जीएसटी लागू है, तब राज्य सरकारों को प्रोफेशनल टैक्स को समाप्त कर देना चाहिए । आपने बताया कि 27 दिसम्बर,22 को सरकार के एक सर्कुलर आ गया है, जिसमें टीडीएस मिसमैच जैसे कि वर्ष 2017-18, 2018-19 आदि वर्ष में जीएसटी के सॉफ्टवेयर में गलती होने से रिटर्न काफी लेट फाइल हुए और लोगों को क्लेम नहीं मिले हैं, इस बात को सरकार ने मान लिया है और 5 लाख रुपये तक के भुगतान के लिए सीए के पास जाने की आवश्ड़यकता नहीं है और यदि 5 लाख से ऊपर की राशि है, तब सीए की आवश्ड़यकता होगी ।इस अवसर पर कर सलाहकार, एडवोकेट- जे. सी. गोयल ने कहाकि सरकार इंकम में बचत करने की आदत को खत्म कर रही है । यह गलत है । बचत करने की आदत को समाप्त करना गलत है ।इसके साथ ही, चर्चा में महिला सम्मान स्कीम में 2 लाख रुपये तक के निवेश पर मिलने वाले 7.5 प्रतिशत ब्याज सहित सीनियर सिटीजन के लिए 15 लाख से बढ़ाकर 30 लाख रुपये किए जाने, हेल्थ पर 13 प्रतिशत बजट बढ़ाए जाने आदि प्रस्तावों का स्वागत्ड़ किया गया । साथ ही, शीघ्रातिशीघ्र आम बजट पर एक विस्तृत सुझाव पत्र केन्द्र सरकार को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया ।इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य- आशीष अग्रवाल, सदस्यगण- माधव अग्रवाल, शैलेष जैन सहित अन्य सदस्यगणों द्वारा सीए एवं करसलाहकारों के सम्मुख अपने प्रश्ड़न प्रस्तुत किए गए, जिनका सीए एवं कर सलाहकारों द्वारा काफी गंभीरता के साथ विस्तार से उत्तर दिया गया चर्चा के अंत में मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल द्वारा सभी उपस्थितजनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त्त किया गया ।

कमलनाथ का बढता क्रेज, संपादकों व पत्रकारों से भी मिलेंगे

ग्वालियर। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का इन दिनों फिर से जबरदस्त क्रेज छाने लगा है। सारे कांग्रेसी प्रदेश भर में कमलनाथ के नेतृत्व में एकजुट हो गये हैं , और 2023 की निर्णायक लडाई के लिए तैयार हो रहे हैं।वैसे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ 5 फरवरी को एक दिवसीय प्रवास पर ग्वालियर आ रहे हैं, ग्वालियर में वह विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उनके लिये कांग्रेसी विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन में ले हैं।संपादकों व पत्रकारों से भी मिलेंगेपूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ इस बार ग्वालियर दौरे पर समाज के विभिन्न वर्गों से भी मुलाकात करेंगे। उनके सलाहकारों ने उन्हें मीडिया में अपनी और ज्यादा पकड बनाने के लिए संपादकों व वरिष्ठ पत्रकारों से भी अलग -अलग मुलाकात करने की सलाह दी है। तर्क दिया गया है कि जैसे दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्रीत्व काल में उमा भारती मीडिया से अपने संबंध मधुर बनाकर हावी रहती थी, वैसे ही स्टाइल वह भी अपनायें। क्योंकि मीडिया के लोग भी अब उपेक्षा से परेशान हैं। ऐसे में कमलनाथ यदि अपनी यह पहल करते हैं तो निश्चित तौर पर कांग्रेस को भी मजबूती मिलेगी।कांग्रेसी भी भारी संख्या में मिलेंगेपूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से कांग्रेसी भी भारी संख्या में मिलेंगे। कांग्रेसियों में भी उनका क्रेज बरकरार है। ऐसी संभावना है कि कमलनाथ के स्वागत में भारी संख्या में कांग्रेसजन एयरपोर्ट पहुंचेंगे। आज कांग्रेस कार्यालय पर हुई बैठक में भी भारी संख्या में कांग्रेसी पहुंचे।

कला - तंत्र एवं अध्यात्म की नगरी खजुराहो में ओशो ध्यान शिविर...

कला- संस्कृति- तंत्र एवं अध्यात्म की नगरी खजुराहो में *शिव शक्ति ओशो ध्यान साधना शिविर* का आज शुभारंभ हुआ जो अनवरत 5 फरवरी तक संचालित होगा जिसमें देश के प्रमुख शहरों से लगभग डेढ़ सौ ओशो अनुयाई भाग लेकर ओशो के ज्ञान केंद्र खजुराहो की इस पुनीत धरा में मोक्ष से लेकर समाधि तक की अवधारणा सहित इस कार्यक्रम को सार्थक बना रहे हैं ।कार्यक्रम में मीडिया प्रभाग देख रही मां प्रेम श्वेता ने बताया कि कार्यक्रम में लगातार ध्यान के माध्यम से मन को शांत करने की कला सहित अन्य कई संवाद कार्यक्रमों के अलावा कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसके चलते हृदय में आनंद की लहरें उफान पर होंगी, इस शिविर के आयोजन में डॉ सुरेंद्र कुमार जैन टीकमगढ़ एवं संदीप सोनी खजुराहो तथा स्थानीय ओशो प्रेमियों की महती भूमिका के साथ शानदार आयोजन आयोजित किया जा रहा है ।ध्यान शिविर में चांपा छत्तीसगढ़ से आए स्वामी आनंद एकांत जी भी पधार रहे हैं जिसमें लगभग 6 से 7 प्रकार के ध्यानो से मित्रों को अंतस चेतना की गहन अवस्था में गति कराएंगे , आज के इस शुभारंभ अवसर पर राजनगर एसडीएम श्री राकेश सिंह परमार के अलावा होटल व्यवसाई विनोद गौतम, समाजसेवी पंडित सुधीर शर्मा, होटल एसोसिएशन से अविनाश तिवारी के अलावा अन्य और कई गणमान्य जन उपस्थित रहे ।

जलालपुर आरओबी की जल्द स्वीकृति को लेकर केन्द्रीय मंत्री गड़करी से मंत्री कुशवाह ने की सौजन्य भेंट

ग्वालियर / केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने देश की राजधानी नई दिल्ली पहुँचकर सौजन्य भेंट की। कुशवाह ने इस दौरान केन्द्रीय मंत्री गड़करी से जलालपुर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की जल्द से जल्द स्वीकृत जारी कराने का आग्रह किया। ज्ञात हो गत सितम्बर माह में ग्वालियर में आयोजित हुए एलीवेटेड रोड़ के भूमिपूजन समारोह में केन्द्रीय मंत्री गड़करी ने राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह के आग्रह पर जलालपुर रेलवे अण्डर पास के स्थान पर आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) बनाने की घोषणा की थी। गड़करी ने केन्द्रीय सड़क अधोसंरचना निधि अंतर्गत सीआरआईएफ से इस आरओबी के निर्माण किए जाने की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई थी। केन्द्रीय मंत्री गड़करी से सौजन्य भेंट के दौरान कुशवाह ने आग्रह किया कि ग्वालियर जिले के अंतर्गत जलालपुर वाया सुसेरा कोठी मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग क्र.-429 पर आरओबी का निर्माण जनसुविधा की दृष्टि से अत्यंत जरूरी है। उन्होंने इस आरओबी के निर्माण के लिये अनुमानित लागत 41 करोड़ 45 लाख रूपए की स्वीकृति जल्द से जल्द दिलाने का आग्रह किया।

फूलबाग मैदान में आयोजित किया जाएगा नौ दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य मेला

ग्वालियर। लायंस क्लब ऑफ ग्वालियर एवं श्रद्धेय गुरुवानी सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में फूलबाग मैदान में नौ दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य मेला और श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान लोग धर्म-अध्यात्म के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य लाभ भी ले सकेंगे। मेला और भागवत कथा की तैयारियों को लेकर जीवाजी क्लब में संत गोपाल महाराज के नेतृत्व में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में संत महाराज के साथ ही साडा के पूर्व अध्यक्ष जयसिंह कुशवाह, समाज सेवी अशोक पटसारिया, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. केशव पाण्डेय, लॉयन सुनील गोयल आयोजन की रूपरेखा बताई। साथ ही अनुपम तिवारी, सलील गुप्ता, विवेक जैन एवं केशव वैश्य ने महत्वपूर्ण व उपयोगी सुझाव दिए। नौ दिवसीय मेला लायंस क्लब ऑफ ग्वालियर व ट्रस्ट का संयुक्त आयोजन होगा। जबकि लायंस क्लब ग्वालियर गालव आतिथ्य क्लब होगा। नौ दिन नगर व ग्रामीण अंचल से आने वाले लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। इसके साथ ही नौ दिन तक धर्म की गंगा बहेगी। बैठक का संचालन अजय चौप?ा ने किया।इस मौके पर प्राइवेट मेडीकल प्रेक्टिशनर्स एसोसिएश ऑफ इंडिया मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कश्यप, लायन साथीगण रामकिशन सिंघल, हैमेश दंडौतिया, ऋतु सिंह सेंगर, राकेश अग्रवाल, विनोद शाक्य, अजय शर्मा, नरेंद्र अग्रवाल, कमल किशोर अग्रवाल,जितेंद्र सिंह भदौरिया एवं अवनीश गौर प्रमुख रूप से मौजूद थे। गॉवों में व्यापक स्तर पर होगा प्रचार-प्रसार आमजन एवं जरूरतमंदों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य मेले का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके लिए गॉवों में प्रचार रथ चलेंगे साथ पंच-सरपंच व अन्य जन प्रतिनिधियों के माध्यम से गॉव के लोगों को इस आयोजन के बारे में अवगत कराया जएगा। नौ दिवसीय मेले में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे।

स्वामी प्रसाद मौर्य गिरफ्तार हो : हिन्दू महासभा ने खून से लिखा योगी को पत्र भेजा

ग्वालियर ।अखिल भारत हिंदू महासभा जिला ग्वालियर के द्वारा आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को मध्य प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू सेन संभागीय महिला प्रवक्ता अर्चना सिंह चौहान, जिला महामंत्री मोहन सिंह बघेले के खून से लिखा पत्र भेज कर समाजवादी पार्टी के नेता विधर्मी स्वामी प्रसाद मौर्य को महाशिवरात्रि पर्व के पूर्व गिरफ्तार करने की मांग की है। संत समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सभी मंदिरों मठों पर समाजवादी पार्टी की के नेताओं को चुनावी प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा उस पर साधू संत पुजारियों ने प्रतिबंध लगा दिया गया है। हिंदू महासभा ने खनेता में हो रहे राष्ट्रीय संत समागम में श्रीरामचरितमानस के अपमान करने वालों के विरुद्ध आयोजकों से कार्यवाही की अपील की है। 2 फरवरी को दोपहर 2ः00 बजे हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू सेन, संभागीय महिला प्रवक्ता अर्चना सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष लोकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राम किशन राठौर के नेतृत्व में ग्वालियर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पहुंचकर लखनऊ में श्रीरामचरितमानस रामायण जलाने वालों पर धारा 153 ए देशद्रोह एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने पर श्रीमान अमित सांघी एसएसपी से चर्चा कर रिपोर्ट दर्ज करने के अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए । हिंदू महासभा की संभागीय महिला प्रवक्ता श्रीमती अर्चना सिंह चौहान ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। संचालन हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जयवीर भारद्वाज ने किया। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर जयवीर भारद्वाज ने कहा कि महाशिवरात्रि तक यदि स्वामी प्रसाद मौर्य को गिरफ्तार नहीं किया गया तो 19 फरवरी को राष्ट्र व्यापी आंदोलन होगा। इस अवसर पर मनोज गोयल, दीपक शर्मा, नरेंद्र शर्मा बॉबी, कुलदीप दुबे अजय भदोरिया , योगेश मडेलिया, अभिषेक राठौर, ठाकुर दास, घनश्याम राठौर ,सुरेंद्र राठौर, प्रीति अष्ठाना, अंशिका चौहान, मीरा बष्णेय अनेकों मुख्य रूप से उपस्थित थे।

पुरानी रेल परियोजनाओं को मिलेगी गति, जोन के 45 स्टेशनों की बदलेगी सूरत :विभा अवस्थी

(स्टेट ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ)

रायपुर-ः केंद्रीय रेल बोर्ड रेल मंत्रालय पीएसी सदस्य श्रीमती विभा अवस्थी जी ने बताया आज संसद में वित मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी वर्ष 2023-24 का केंद्रीय बजट बुधवार को संसद कि पटल पर पेश किया है। इसमें भारतीय रेलवे को पिछले साल की तुलना में डेड़ गुना से अधिक फंड 2.4 लाख करोड़ आवंटित किया गया है।हालांकि फंड का कितना हिस्सा कमाऊपूत जोन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को मिलेगा, यह पिंक बुक जारी होने के बाद स्पष्ट होगा। बिलासपुर जोन को उम्मीद है कि पिछले साल की तुलना में अधिक बजट मिलेगा। इससे जोन की पुरानी परियोजनाओं को गति मिलेगी। इसके अलावा जोन के 45 स्टेशन अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत विकसित होकर नए स्वरूप में नजर आएंगे। इस योजना के तहत देश के 1275 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास होगा।केंद्रीय बजट को लेकर बुधवार की सुबह से रेलवे में हलचल थी। दैनिक यात्री से लेकर रेलकर्मी भी बड़ी घोषणाओं को लेकर टकटकी लगाए बैठे थे। अमृत भारत स्टेशन स्कीम, वंदेभारत व हरित ट्रेन परिचालन की घोषणा भी हुई। ये सभी बड़ी सौगात है। इसका लाभ भारतीय रेलवे के हर जोन को मिलेगा। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन भी शामिल है। सबसे बड़ी राहत फंड को लेकर मिली है। इस फंड का ज्यादातर हिस्सा अधोसंरचना विकास कार्यों में खर्च होगा।इसलिए माना जा रहा है कि जोन की सभी पुरानी परियोजनाओं को गति मिलेगी और वह जल्द ही पूरा होंगी। इसमें फंड का रोड़ा नहीं आएगा। नई लाइन, आमान परिवर्तन, दूसरी व तीसरी लाइन सभी कार्य जल्द से जल्द पूरे होंगे। इससे ट्रेनों के

परिचालन में सुधार आएगा और गति भी बड़ेगी। ट्रैक पर यातायात का दबाव नहीं रहेगा। मालूम हो कि वर्ष 2022 में जोन को 8063.77 करोड़ रुपये मिले थे। पिछले साल की तुलना में यह डेड़ गुना अधिक था। इस बार बजट आवंटन में कमाउपूत जोन का ख्याल रखने की उम्मीद है।

जोन को दो और वंदे भारत ट्रेन मिलने की उम्मीद-वंदे भारत ट्रेनों का निर्माण इंटीग्रल कोच फैक्ट्री(आइसीएफ) पेरंबुर में किया जाता है। इसे बड़ाकर तीन अन्य स्थान हरियाणा के सोनीपत, महाराष्ट्र के लातूर एवं उत्तर प्रदेश के रायबरेली में किया जाएगा। प्रत्येक सप्ताह दो से तीन वंदेभारत ट्रेनों का निर्माण किया जा सकेगा। बिलासपुर को एक वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिल चुकी है। जिस तरह निर्माण की योजना है, उससे उम्मीद है कि बिलासपुर से कटनी दिशा और हावड़ा दिशा के लिए एक-एक वंदे भारत ट्रेन और मिल सकती है।

जोन की इन परियोजनाओं को मिलेगी गति

राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन

झारसुगुड़ा-बिलासपुर चौथी लाइन

अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन

केंद्री-अभनपुर-राजिम अमान परिवर्तन

नया रायपुर-केंद्री नई रेल लाइन

महत्वपूर्ण कारिडोर

देश में रेल सुविधा से अनछूएं भागों में जनजातीय कारिडोर, सोशल कारिडोर, हिल कारिडोर, पोर्ट कारिडोर एवं एनर्जी कारिडोर स्थापित किए जाएंगे। इसमें जोन की बात करें तो ईस्ट-वेस्ट कारिडोर खरसिया-कोरबा, गेवरोरोड-पेंड्रा शामिल है।

बिलासपुर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के कोच होंगे अपग्रेड-बजट में राजधानी एक्सप्रेस, दूरंतो एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस और तेजस जैसी प्रीमियम ट्रेनों के कोच को अपग्रेड कर माडन लुक देने की घोषणा हुई है। तेजस के अलावा जोन अन्य तीनों ट्रेनें गुजरती हैं। राजधानी एक्सप्रेस बिलासपुर से नई दिल्ली के लिए, हम सफर एक्सप्रेस दुर्ग से निजामुद्दीन के लिए और दूरंतो हावड़ा से मुंबई और हावड़ा से पुणे तक चलती है। इस ट्रेन के कोच अपग्रेड होने से यात्रियों को पहले से ज्यादा इन ट्रेनों में सफर करने में आनंद आएगा।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं आदरणीय केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के यशस्वी बजट में रेल को लेकर जो बजट में ,आदरणीय श्री केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जी का छत्तीसगढ़ रेलवे का ध्यान रखा उनके लिए आप सभी को छत्तीसगढ़ वासियों एवं रेल बोर्ड सदस्य पी ए सी श्रीमती विभा अवस्थी जी द्वारा आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478